

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

दोनों बातें विश्वास की है कोई ईश्वर के लिये सब कुछ छोड़ देता है और कोई ईश्वर पर सब कुछ छोड़ देता है

वर्ष : 16 अंक : 206 | उज्जैन, सोमवार 5 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# शिक्षा और उत्कृष्टता को अपना पथ-प्रदर्शक मानता है मीना समाज : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मृत्यु भोज का विरोध, दहेज मुक्त और सादे विवाहों का समर्थन तथा सामूहिक विवाहों को प्रोत्साहन समाज की प्रशंसनीय पहल

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मीना समाज ने अपनी मेहनत और ईमानदारी से प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समाज बंधु अपने सामाजिक दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। शिक्षा, सामाजिक उन्नति का सबसे मजबूत आधार है। पिछले वर्षों में लगभग 550 प्रतिभाओं का सम्मान इस बात का प्रमाण है कि मीना समाज, शिक्षा और उत्कृष्टता को अपना पथ-प्रदर्शक मानता है। मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं का विरोध, दहेज मुक्त और सादे विवाहों का समर्थन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलनों को प्रोत्साहन देकर समाज ने सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मजबूत संदेश दिया है। ऐसे प्रयास समाज को शिक्षित और कुरीतियों से मुक्त करते हुए समाज बंधुओं को प्रगति की राह पर अग्रसर करते हैं। यह प्रयास प्रदेश और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास को भी नई दिशा देते हैं। राज्य सरकार मीना समाज के इन प्रयासों में पूरी तरह साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में आयोजित मीना समाज सम्मेलन और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मध्यप्रदेश मीना समाज सेवा संगठन की ओर से तीन बड़ी मालाऐं पहनाकर स्वागत अभिनंदन और साफा बांधकर अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लिए पूर्व मंत्री श्री राम निवास रावत ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित, खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और पदक विजेयता एवं अन्य विधाओं में उपलब्धियां अर्जित करने वाले मीना समाज के 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक गतिविधियों के लिए दान देने तथा अन्य पहल करने वाले मीना समाज के वरिष्ठजन को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मीना समाज पर श्री हरि की अत्यंत कृपा रही है, भगवान विष्णु के मत्स्य अवतार से जुड़ी मीना समाज की उत्पत्ति जन सामान्य को जल और जीवन का महत्व बताती है।मीना समाज में बहुत प्रतिभाएं हैं, समाज नवरत्नों से परिपूर्ण है और युवा पीढ़ी तो पढ़ाई तथा खेल में अपना लोहा मनवा रही है। समाज के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतें, यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज ने हर परिस्थिति में संघर्ष किया और परिवारों के लिए प्रगति की राह प्रशस्त की। मीना समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक उत्थान के उद्देश्य से वर्ष 1980 में मीना समाज सेवा संगठन स्थापित किया गया था। संगठन के कार्यों के सकारात्मक परिणाम वर्तमान में दिखाई दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों के जीवन को सरल बनाने के लिए व्यवस्थाओं में कई नवाचार किए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में ही प्रदेश में देश की पहली तीन नदी जोड़ो परियोजनाओं का कार्य आरंभ हुआ है। इन परियोजनाओं से श्योपुर, गुना सहित चंबल और मालवा का क्षेत्र सिंचित होगा, जिसका मीना समाज को विशेष रूप से लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर जातिगत जनगणना का बड़ा निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत इस वर्ष मकानों की गिनती होगी और आगामी कार्यवाही वर्ष 2027 में की जाएगी। जातिगत जनगणना से अतीत के कई उल्झे प्रश्नों का समाधान निकलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। समाज बंधु उद्योग धंधे लगाने और उद्यमिता के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें, राज्य सरकार हर कदम पर उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से ही भगवान श्रीराम अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं। भगवान श्रीराम की तरह भगवान श्रीकृष्ण भी भगवान विष्णु के अवतार हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार मीनेष बोर्ड के गठन पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज की धर्मशाला के निर्माण में राज्य शासन की ओर से सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आशा व्यक्त की कि मीना समाज शिक्षा, संस्कार और संगठन के बल पर निरंतर आगे बढ़ता रहेगा और प्रदेश एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### यूपी में आवासीय क्षेत्रों में नहीं जारी होंगे थोक दवा के लाइसेंस



**लखनऊ/ जीएनएस।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने नए थोक दवा के लाइसेंस जारी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। कोडीन युक्त सीरप की अवैध बिक्री के दौरान मिली गड़बड़ियों के बाद यह दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। खासतौर से अब थोक दवा लाइसेंस आवासीय क्षेत्रों और भवनों में नहीं जारी किए जाएंगे। लाइसेंस के लिए जरूरी अनुभव प्रमाण पत्र देने वाली फर्म को वेतन और उपस्थिति का ब्यौरा भी देना होगा। ऐसे लोग या फर्म जिनके खिलाफ ड्रग एंड कास्मेटिक या एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई हुई हो, उन्हें नया लाइसेंस नहीं जारी किया जाएगा। एफएसडीए आयुक्त रोशन जैकब ने थोक दवा लाइसेंस प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश में कहा है कि आवेदनकर्ता को अब जिस जगह व्यापार करना है, उसका पंजीकृत किराया समझौता (रजिस्टर्ड रेंट एग्रीमेंट) देना होगा। यदि भवन स्वामी रक्त संबंधी (ब्लड रिलेशन) में हो तो उसे नवीनतम अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा। यदि आवेदक स्वयं परिसर का मालिक होगा तो रजिस्ट्री, विकास प्राधिकरण का आवंटन प्रमाण पत्र, कब्जा प्रमाण पत्र, राजस्व विभाग से जारी कोई अभिलेख देना होगा। आवास और रिहायशी इलाकों में थोक के लाइसेंस नहीं दिए जाएंगे। जहां कार्य शुरू होना है वह जगह शटर लगी दुकान और सड़क पर होना जरूरी होगा। सहायक आयुक्तों और औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह पोर्टल पर मिले आवेदन के सभी अभिलेखों का परीक्षण करके एक बार में ही सभी कमियों के बारे में अपने सवाल उठाएंगे। प्रस्तावित प्रतिष्ठान के निरीक्षण के समय जीपीएस लोकेशन, दवा भंडारण की व्यवस्था, फ्रिज, बिजली की व्यवस्था, परिसर की खुले शटर, साइन बोर्ड, आसपास की दुकानें, भवन, प्लाट, सड़क को प्रदर्शित करते हुए फोटो देनी होगी। नक्शे को सत्यापित करते हुए रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। यही नहीं सहायक आयुक्तों को हर महीने स्वीकृत आवेदनों के सापेक्ष 10 प्रतिशत प्रतिष्ठानों का औचक भौतिक निरीक्षण करते हुए सत्यापन करना होगा। आयुक्त ने सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा है।

### 30 हजार रुपये के लिए अस्पताल भूला मानवता, महिला के शव को चार घंटे तक बनाया बंधक



**हल्द्वानी/ जीएनएस।** अल्मोड़ा जिला के बेस अस्पताल से रेफर होकर इलाज के लिए आई 42 वर्षीय सीमा बिरौड़िया की निजी अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल ने पहले महिला के पति टैक्सी चालक नंदन बिरौड़िया से इलाज के नाम पर 57 हजार रुपये जमा करवा लिए। इसके बाद महिला की मौत होने पर 30 हजार रुपये की मांग और करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि करीब चार घंटे तक उन्हें अस्पताल से शव नहीं दिया गया। इसके बाद उसने एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने कहा कि शनिवार की रात पीड़ित का उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है, पत्नी के उपचार के लिए 57 हजार रुपये पहले ही दे चुका है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से 30 हजार की मांग करने के बाद ही शव देने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। दरअसल, गोलना करड़िया धारानौला अल्मोड़ा निवासी सीमा बिरौड़िया कीडनी की मरीज थी, उनके डायलिसिस भी चल रही थी। तबीयत बिगड़ने पर अल्मोड़ा के अस्पताल से उन्हें रेफर किया गया था। हल्द्वानी के निजी अस्पताल में उन्हें शनिवार शाम साढ़े चार बजे पहले इमरजेंसी में भर्ती किया गया। इस पर पीड़ित से उपचार व दवाई के लिए 57 हजार रुपये जमा करवाए गए। फिर महिला को आइसीयू में ले जाने की बात कही। इतने में ही महिला का आइसीयू में जाने से पहले ही मृत्यु हो गई। एसएसपी ने कहा कि पीड़ित ने उन्हें पत्नी का शव दिलवाने की गुहार लगाई। जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सीओ सिटी अमित कुमार व प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल जाकर मृतका के शव को उसके स्वजन के सुपुर्द किया। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र भी दिलवाया। उन्होंने अस्पताल के प्रबंधक को मानवता का ध्यान रखते हुए भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दी।

## केरल में विपक्ष के नेता सतीशन के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश, सीएम को सौंपी गई विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** केरल की विजिलेंस और एंटी-करप्शन ब्यूरो (वीएसीबी) ने केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के खिलाफ पुनर्जन्म नामक पुनर्वास परियोजना के संबंध में विदेश से धन एकत्र करने में कथित अनियमितताओं के लिए सीबीआई जांच की सिफारिश की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सतीशन ने कहा कि वह इस मामले को व्यक्तिगत और राजनीतिक रूप से लड़ेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सीबीआई जांच की सिफारिश वाली विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को सौंपी गई है। विजिलेंस विभाग ने विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघनों का हवाला देते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। सतीशन ने निजी यात्रा के लिए केंद्रीय सरकार से अनुमति प्राप्त करने के बाद विदेश यात्रा की और कथित तौर पर विदेशों से धन एकत्र किया, जिसे बाद में केरल के खातों में स्थानांतरित किया गया। सीबीआई जांच की सिफारिश की गई विजिलेंस रिपोर्ट में एफसीआरए अधिनियम 2010 की धारा 3(2)(अ) के तहत सीबीआई जांच की सिफारिश की गई है, जो किसी भी व्यक्ति को जो भारत में निवास करता है या किसी भारतीय नागरिक को जो विदेश में निवास करता है, राजनीतिक दल की ओर से विदेशी योगदान स्वीकार करने से रोकती है।

वीएसीबी के निष्कर्षों के अनुसार, पुनर्जन्म परियोजना के लिए मणप्पट्टू फाउंडेशन नामक एक फाउंडेशन बनाकर विदेश से धन एकत्र किया गया। लगभग 19.95 लाख रुपये विभिन्न व्यक्तियों से ब्रिटेन में एकत्र किया गया और फाउंडेशन के खाते में स्थानांतरित किया गया। यह धन ब्रिटेन स्थित एनजीओ मिडलैंड इंटरनेशनल एड ट्रस्ट (एमआईएटी) के माध्यम से फाउंडेशन के एफसीआरए खाते में भेजा गया। विजिलेंस विभाग ने एक वीडियो की भी जांच की है जिसमें सतीशन को ब्रिटेन में एक कार्यक्रम में प्रतिभागियों से प्रत्येक से जीबीपी 500 का योगदान देने के लिए कहते हुए देखा गया है।

### कर्नाटक में शादी से इनकार पर बचपन के दोस्त ने की महिला की हत्या, फिर खुद भी किया सुसाइड




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कर्नाटक के येल्लापुर में एक महिला के बचपन के दोस्त ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी आत्महत्या कर ली। इस घटना के पीछे की वजह महिला द्वारा अपने दोस्त से शादी करने से मना करना बताया जा रहा है।

दरअसल, आरोपी युवक रफीक मृतक रंजीता का दोस्त था। वह अक्सर रंजीता के घर भोजन के लिए जाया करता था। लेकिन तनाव तब बढ़ गया, जब उसके बचपन के दोस्त रफीक ने शादी का दबाव बनाया। इसका रंजीता और उसके परिवार ने विरोध किया।

पुलिस के अनुसार, रंजीता ने लगभग 12 साल पहले महाराष्ट्र के रहने वाले सचिन कटेरा से शादी की थी। उसका एक 10 साल का बेटा है। हालांकि, निजी कारणों से वह अपने पति से अलग रह रही थी और येल्लापुर में अपने परिवार के साथ रह रही थी। वह एक सरकारी स्कूल में रसोइया का काम भी करती थी। रफीक शनिवार को काम से लौट रही हिला पर एक धारदार वस्तु से हमला कर दिया।

### जंगल का कानून, मादुरो पर अमेरिकी एक्शन को लेकर शशि थरूर का पहला रिएक्शन



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व राजनयिक शशि थरूर ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के खिलाफ अमेरिकी एक्शन पर अपनी बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि जिसकी लाठी उसकी भैंस।

महीनों की धमकियों और दबाव की रणनीति के बाद, अमेरिका ने शनिवार को वेनेजुएला पर बमबारी की और मादुरो को गिरफ्तार करके न्यूयॉर्क में ट्रायल के लिए ले गए। शशि थरूर ने लेखक कपिल कोमिरेड्डी की एक पोस्ट के जवाब में कहा, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का कुछ सालों से उल्लंघन किया जा रहा है। आज जंगल का कानून चलता है। जिसकी लाठी उसकी भैंस नया सिद्धांत है। लेखक ने वेनेजुएला में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के कदम में शामिल पाखंड की ओर इशारा किया था।

कोमिरेड्डी ने कहा कि वे सभी जो आज वेनेजुएला में गुंडागर्दी को सही ठहरा रहे हैं, वे तब अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर चिल्लाएंगे जब चीन ताइवान के राष्ट्रपति का अपहरण करेगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि देशों का मूल्यांकन करने में किस प्रकार अलग-अलग मानकों का उपयोग किया जाता है।अमेरिका ने मादुरो के 12 साल के शासन का अंत कर दिया, जिनके सर पर अमेरिका ने 50 मिलियन डॉलर का इनाम रखा था।

## भारतीय तटरक्षक को मिलेगा अत्याधुनिक स्वदेशी पोत, गोवा में समुद्र प्रताप का जलावतरण करेंगे राजनाथ सिंह




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में स्वदेशी रूप से डिजाइन एवं निर्मित भारतीय तटरक्षक बल के दो प्रदूषण नियंत्रण पोतों में से पहले पोत समुद्र प्रताप का जलावतरण सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।

यह पोत तेल रिसाव का पता लगाने के लिए उन्नत प्रणालियों से लैस है, जिससे विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र के भीतर और बाहर व्यापक प्रदूषण रोधी अभियान चलाने में मदद मिलेगी।

दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम समुद्र प्रताप भारतीय तटरक्षक बल ने कहा, यह उच्च सटीकता वाले अभियानों के संचालन, चिपचिपे तेल से प्रदूषकों को पुन- प्राप्त करने एवं दूषित पदार्थों का विश्लेषण कर सकता है और दूषित पानी से तेल को अलग करने में सक्षम है।

रक्षा मंत्री सोमवार को दक्षिण गोवा के वास्को स्थित गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में समुद्र प्रताप पोत का जलावतरण करेंगे। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

### डिजिटल अरेस्ट कर 81 साल के बुजुर्ग से ठगे 7 करोड़ रुपए, मुंबई पुलिस बनकर किया ब्लैकमेल




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** डिजिटल अरेस्ट की धोखाधड़ी में एक 81 वर्षीय बुजुर्ग को 7.12 करोड़ रुपये हड़पे गए हैं। साइबर धोखेबाजों ने मुंबई पुलिस के अफसरों के रूप में बुजुर्ग को धमकी दी कि वह एक ड्रग ट्रैफिकिंग रैकेट में शामिल हैं और सत्यापन के बहाने उनसे यह राशि वसूली गई।

पुलिस ने बताया कि साइबर धोखेबाजों ने पिछले साल 27 अक्टूबर को पीड़ित को फोन कर दावा किया कि वे एक कूरियर कंपनी से हैं और बताया कि उसके नाम से मुंबई से थाईलैंड एक पार्सल भेजा गया था, जिसमें एमडीएमए नशीला पदार्थ, पासपोर्ट और कुछ डेबिट और क्रेडिट कार्ड पाए गए थे। उन्होंने पार्सल को रोका और मामले को मुंबई पुलिस को भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि एक अन्य कॉलर ने बाद में मुंबई पुलिस के अधिकारी के रूप में उन्हें फोन किया और आरोप लगाया कि वह एक बड़े ड्रग ट्रैफिकिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी गतिविधियों के रैकेट में शामिल हैं। अपने बैंक खाता विवरण और निवेशों के सत्यापन के बहाने कॉलर ने उनसे कहा कि वह उन्हें दिए गए खातों में राशि ट्रांसफर करें ताकि वह मामले से बाहर आ सके और यदि वह निर्दोष पाए जाते हैं तो उनकी रकम वापस की जाएगी।




## वेनेजुएला संकट पर भारत की पहली प्रतिक्रिया, विदेश मंत्रालय ने जताई गहरी चिंता; शांति की अपील



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की अमेरिकी सेना द्वारा गिरफ्तारी और वहां पैदा हुए तनावपूर्ण हालातों पर भारत ने बयान जारी कर चिंता जताई है। भारत के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर वेनेजुएला के घटनाक्रम पर गहरी चिंता व्यक्त की है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि भारत वेनेजुएला में तेजी से बदलती स्थितियों पर करीबी नजर रख रहा है। भारत ने स्पष्ट किया कि उसकी प्राथमिकता क्षेत्र की स्थिरता और वहां के लोगों की सुरक्षा है। भारत ने वेनेजुएला के हालिया घटनाक्रमों को चिंताजनक बताया है। भारत ने सभी संबंधित पक्षों से आग्रह किया है कि वे विवादित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से निकालें। क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भी स्थिति साफ की है। कराकस स्थित भारतीय दूतावास वहां मौजूद भारतीय समुदाय के संपर्क में है। दूतावास को निर्देश दिए गए हैं कि वे भारतीयों को हर संभव सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करना जारी रखें। विदेश मंत्रालय ने कहा, वेनेजुएला में हाल के घटनाक्रम गहरी चिंता का विषय हैं। हम बदलती हुई स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

# इंदौर में कानून-व्यवस्था सख्तः पुलिस कमिश्नर ने धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर द्वारा भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जारी आदेशों के अनुसार बिना पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, धरना, प्रदर्शन या सार्वजनिक आयोजन करने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही ऐसे किसी भी आयोजन में अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थों का उपयोग या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गतिविधियां सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं।

सोशल मीडिया के दुरुपयोग को लेकर भी सख्त रुख अपनाया गया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा साम्प्रदायिक, सामाजिक या जातिगत भावनाओं को भड़काने वाली सामग्री, शांति भंग करने वाली झूठी या आपत्तिजनक खबरें, पोस्ट, वीडियो या अफवाहें फैलाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कंटेंट को लाइक, कमेंट, शेयर या फॉरवर्ड करने वाले व्यक्ति भी कार्रवाई के दायरे में आएंगे।

इसके साथ ही घरेलू नौकर, किरायेदार, कामगार, पेइंग गेस्ट, हॉस्टल में रहने वाले लोग, सुरक्षा गार्ड, होटल और लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों तथा ऑनलाइन डिलीवरी से जुड़े कर्मियों का पहचान सत्यापन अनिवार्य किया गया है। संबंधित व्यक्ति या संस्थान को उनकी जानकारी और पहचान पत्र स्थानीय थाने में देना आवश्यक होगा। इस नियम का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर द्वारा प्रतिबंधित और नशीली दवाओं की बिक्री को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। बिना डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन के ऐसी दवाओं का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी तरह खुले रूप से पेट्रोल या अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री पर भी रोक लगाई गई है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि साम्प्रदायिक सद्भावना के विपरीत कोई भी गतिविधि, सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले कार्यक्रम, आपत्तिजनक सामग्री का प्रकाशन या किसी भी माध्यम, विशेषकर सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इंदौर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करें और शहर में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि इन आदेशों का उद्देश्य आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी तरह की अशांति को समय रहते रोकना है।

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने कोलकाता, दिल्ली और भोपाल से आये विशेषज्ञ डॉक्टरर्स की टीम के साथ किया मंथन



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुई जलजनित घटना को लेकर स्मार्ट सिटी कार्यालय में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में रविवार सुबह बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने भागीरथपुरा क्षेत्र में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में कोलकत्ता, दिल्ली और भोपाल से आये विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम कार्य कर रही है। पानी की टेस्टिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र में स्थित सभी बोरिंगों का क्लोरिनेशन किया जायेगा। साथ ही घरों में बेसमेंट में बने होज को क्लीन कर उसका भी क्लोरिनेशन किया जायेगा। उसके बाद ही क्षेत्र के नागरिक बोरिंगों के पानी का इस्तेमाल करेंगे।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री नवजीवन पंवार, कोलकत्ता से आई टीम के वैज्ञानिक डॉ. प्रमित घोष, वैज्ञानिक डॉ.गौतम चौधरी और दिल्ली के एनसीडीसी के डॉ.अनुभव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.माधव प्रसाद हसानी, डॉ.अश्विन भागवत, डॉ.अभिजीत प्रकार, डॉ.सविता अखण्ड डॉ. सैलविया, श्री शैलेर्न कुमार, डॉ.अंशुल मिश्रा,डॉ.रूपामी जोशी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शहर में जीबीएस (गुइलेन-बैरे सिंड्रोम) बीमारी का कोई भी मरीज नहीं पाया गया। भागीरथपुरा क्षेत्र में कोलकत्ता,दिल्ली और भोपाल से आई टीम, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और संबंधित विभागों के साथ मिलकर पानी की जाँच कर रही है। जहाँ पर दूषित पानी पाया जायेगा,उसे चिन्हित कर उचित प्रबंध किया जायेगा। साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को भी जागरुक किया जा रहा है कि वे अपने बोरिंग और होज का क्लोरिनेशन कराने में सहयोग दें। इसके लिये भागीरथपुरा के पूरे क्षेत्र को 30 से अधिक बीटों में बांटा किया गया। हर बीट में कर्मचारियों और नागरिकों के साथ मिलकर क्लोरिनेशन का कार्य किया जायेगा। इसके लिये पूरे क्षेत्र को अवगत कराया जा रहा है।

# कोहरे की गिरफ्त में मध्यप्रदेश, दिन में भी बढ़ी ठिठुरन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से मध्यप्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। वातावरण में बढ़ी नमी के चलते शनिवार को प्रदेशभर में कोहरे की चादर तनी रही। इसका असर इतना गहरा रहा कि कई जिलों में दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया और ठिठुरन का एहसास दोपहर में भी बना रहा।प्रदेश के 12 शहरों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। दतिया और रीवा में पूरे दिन शीतल दिन जैसी स्थिति बनी रही। सुबह के समय ग्वालियर में अति घना कोहरा छाया रहा, जबकि जबलपुर और इंदौर में घने कोहरे ने विजिबिलिटी को प्रभावित किया। भोपाल और नर्मदापुरम में मध्यम कोहरा देखने को मिला।

कोहरा का सीजन का सबसे लंबा दौर- मौसम विभाग के अनुसार, इस सर्दी के सीजन में पहली बार प्रदेश में कोहरे का इतना लंबा दौर देखने को मिल रहा है। राजधानी भोपाल में शनिवार को दिनभर घना कोहरा छाया रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 2 से 3 दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है। कोहरे के साथ-साथ शीतलहर का असर भी तेज हो सकता है, जिससे रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

इंदौर में विजिबिलिटी शून्य, सड़कों पर थमी रफ्तार- शनिवार रात इंदौर में हालात सबसे ज्यादा गंभीर रहे, जब घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई। सड़कों पर चल रहे वाहन एक-दूसरे को नहीं देख पा रहे थे, जिससे यातायात बेहद धीमा हो गया।

ट्रेनें लेट, यात्रियों की बढ़ी परेशानी - कोहरे का असर रेल यातायात पर भी साफ नजर आ रहा है। दिल्ली की ओर से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने वाली मालवा, सचखंड, शताब्दी एक्सप्रेस सहित एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रोजाना 30 मिनट से लेकर 6 घंटे तक देरी से चल रही हैं। रविवार को भी ट्रेनों

# एरोड्रम थाना पुलिस की तत्परता से बची एक व्यक्ति की जान

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एरोड्रम थाना पुलिस की त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और एक व्यक्ति की जान बचा ली गई। पुलिस की समय पर की गई इस पहल से एक परिवार उजड़ने से बच गया, जिससे मानवता और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल सामने आई है।

घटना 2 जनवरी 2026 की है, जब दोपहर के समय शालिनी नामक महिला अपनी बड़ी बहन के साथ थाना एरोड्रम पहुंची और पुलिस को सूचना दी कि उसका पति संदेश आठवले शराब के नशे में आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा है। मामले की गंभीरता को समझते हुए थाना एरोड्रम में पदस्थ उप निरीक्षक श्री राम शाक्य ने बिना देरी किए एफआरवी में तैनात सहायक उप निरीक्षक श्री कैलाश मेडा को तत्काल मौके पर रवाना किया।

सहायक उप निरीक्षक कैलाश मेडा अपनी टीम के साथ गजाधर नगर पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि संदेश आठवले दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटका हुआ था।

स्थिति बेहद नाजुक थी, लेकिन पुलिस टीम ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत उसे फंदे से नीचे उतारा और सुरक्षित बचा लिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक अनमोल जीवन बच सका।

घटना के बाद पति-पत्नी दोनों को थाना लाकर समझाइश दी गई और पारिवारिक स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया गया। एरोड्रम थाना पुलिस की इस मानवीय और त्वरित कार्रवाई से एक परिवार टूटने से बच गया।

इस सराहनीय कार्य में एफआरवी एरोड्रम में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक कैलाश मेडा, प्रधान आरक्षक दिनेश सोलंकी सहित अन्य थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस की इस संवेदनशील पहल की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है और यह उदाहरण दर्शाता है कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था ही नहीं, बल्कि जीवन रक्षा में भी अहम भूमिका निभाती है।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दिल्ली बुलाया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव को चेताया

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा दूषित जल कांड को लेकर स्थानीय भाजपा नेताओं की बयानबाजी और मीडिया में आए वक्तव्यों पर संगठन ने सख्त रुख अपनाया है। पार्टी नेतृत्व ने इस पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक रूप से संवेदनशील मानते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि सार्वजनिक मंचों पर असंयमित बयानबाजी से पार्टी की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। इसी क्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को शनिवार को दिल्ली तलब किया गया। वहां उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं को भागीरथपुरा मामले पर विस्तृत जानकारी दी। शीर्ष नेतृत्व ने विजयवर्गीय का पक्ष भी सुना। बैठक के बाद विजयवर्गीय शनिवार को ही इंदौर लौट आए और देर शाम स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ बैठक की।

# पुलिस ने ली हॉस्टल व लाइब्रेरी संचालकों की बैठक, छात्रों की सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस द्वारा हॉस्टल एवं लाइब्रेरी संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार जनजागरूकता और पुलिसङ्कजन समन्वय को सुदृढ़ करने की कड़ी में आयोजित की गई।

दिनांक 04 जनवरी 2026 को पुलिस थाना भंवरकुआं क्षेत्र के अंतर्गत मीरा गार्डन में आयोजित इस बैठक में पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री आनंद कलादगी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री दिशेष अग्रवाल, सहायक पुलिस आयुक्त जूनी इंदौर श्री विजय चौधरी, थाना प्रभारी भंवरकुआं श्री राजकुमार यादव सहित क्षेत्र के लगभग 400 हॉस्टल और लाइब्रेरी संचालक शामिल हुए।

बैठक के दौरान डीसीपी श्री आनंद कलादगी ने छात्रों की सुरक्षा, अनुशासन और बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी हॉस्टल और लाइब्रेरी निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार रात्रि 11 बजे तक बंद हो जानी चाहिए। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सभी परिसरों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि हॉस्टल में रहने वाले सभी किरायेदारों की जानकारी एमपी सिटीजन पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराना संचालकों की जिम्मेदारी है।

डीसीपी ने संचालकों से अपेक्षा की कि वे कॉशन मनी से जुड़े मामलों में छात्रों के साथ मानवीय व्यवहार करें और अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान न करें। साथ ही किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने, हॉस्टल और लाइब्रेरी में अवांछित तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने और गेट समय पर बंद रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान संचालकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि छात्रों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और संचालक मिलकर समन्वय के साथ कार्य करेंगे।

## मंत्री श्री सिलावट पहुंचे चाचा नेहरू और एमवाय अस्पताल प्रभावितों से ली स्वास्थ्य उपचार की जानकारी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम ने आज शनिवार को चाचा नेहरू बाल अस्पताल और एमवाय अस्पताल पहुंचकर दूषित पानी से भर्ती हुए लगभग 30 से अधिक प्रभावितों से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रभावितों के परिजनों को विश्वास दिलाया कि घबराने नही। अस्पताल में भर्ती सभी बच्चों का समुचित निःशुल्क बेहतर उपचार किया जाएगा। सभी प्रभावित शीघ्र स्वस्थ्य होकर अपने-अपने घरों को लोटेंगे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने प्रभावितो, बच्चों व माताओं सहित पुरुषों से भी स्वास्थ्य उपचार के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली। मंत्री श्री सिलावट ने एम जी एम में बैठक कर सभी डॉक्टरों को निर्देशित किया कि वे अस्पताल में भर्ती प्रभावितों का उपचार और उनकी देखभाल पर विशेष ध्यान दें।

## भागीरथपुरा में आयुष विभाग करेगा आयुर्वेद दवाइयों का वितरण




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर के भागीरथपुरा में संक्रमण के कारण प्रभावित लोगों के लिए आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयुर्वेदिक औषधि वितरण करने की योजना तैयार की है। सोमवार सुबह 9 बजे से जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय तथा आयुष विभाग के चिकित्सकों के द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं औषधी का वितरण एवं परामर्श किया जाएगा। इसके लिए आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम स्थानीय संजीवनी क्लिनिक के डॉक्टरों के साथ मिलकर औषधि वितरण के साथ-साथ सभी मरीजों का रिकॉर्ड भी रखेगी और मरीज का फॉलो अप भी करेगी। मरीजों के वितरण के लिए आयुष विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा औषधी प्राप्त हुई है,जो मरीज के उल्टी, दस्त एवं अन्य समस्याओं का समाधान करेंगी। शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजीत पाल सिंह चौहान एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि मरीजों को चिकित्सा सहायता एवं दवाइयां प्रदान की जाएगी ताकि मरीज जल्दी स्वस्थ हो सके।

## शीतलहर के मद्देनज़र इंदौर में कलेक्टर द्वारा कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक तीन दिन का अवकाश घोषित

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** लगातार बढ़ती शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कलेक्टर श्री वर्मा के आदेशानुसार इंदौर जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय/ सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई., माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से संबंद्ध विद्यालयों की कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक एवं आंगनवाड़ी के छात्र-छात्रओं के लिए तीन दिवस का अवकाश घोषित किया गया है। यह अवकाश 05 जनवरी,2026 से 07 जनवरी,2026 तक रहेगा।

## ऐसी कैसी निगरानी? भागीरथपुरा के ज्यादातर हिस्से में पानी और ड्रेनेज की लाइनें एक साथ, करोड़ों में दिया था निगरानी का ठेका

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद अब नगर निगम के अमृत प्रोजेक्ट में हुई भारी लापरवाही उजागर हुई है। जाँच में सामने आया है कि जिस ड्रेनेज और पेयजल लाइन को अलग-अलग होना चाहिए था, वे कई जगहों पर एक-दूसरे में मिली हुई हैं। करोड़ों रुपये डकार गए, पर नहीं की निगरानी- हैरानी की बात यह है कि नगर निगम ने वर्ष 2017 में अमृत योजना के तहत 287 करोड़ रुपये की लागत से लाइन बिछाने का काम शुरू किया था। इस पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी और डीपीआर तैयार करने के लिए नागपुर की एक एजेंसी को 13 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। एजेंसी की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना था कि पेयजल लाइन और ड्रेनेज लाइन के बीच सुरक्षित दूरी रहे, लेकिन ज़मीनी हकीकत में पानी की पाइपलाइन ड्रेनेज के चैंबरों के भीतर से गुज़ार दी गई।

एलएंडटी और निगरानी कंपनी की बड़ी लापरवाही- अमृत प्रोजेक्ट के तहत लाइन बिछाने का ठेका एलएंडटी कंपनी को दिया गया था। नियम के मुताबिक, पेयजल लाइन को ड्रेनेज लाइन से दूर बिछाया जाना था ताकि क्रॉस-कंटामिनेशन (दूषित जल मिलन) न हो। न तो काम करने वाली कंपनी ने इसका ध्यान रखा और न ही 13 करोड़ रुपये लेने वाली निगरानी एजेंसी ने इस पर रोक लगाई। लापरवाही का आलम यह है कि आज कई जगहों पर पानी की लाइन के ठीक ऊपर ड्रेनेज के चैंबर बने हुए हैं।

पुरानी लाइनों पर निर्भरता और खुदाई से बढ़ता खतरा- भागीरथपुरा के एक बड़े हिस्से में आज भी दशकों पुरानी लाइनों से पानी की आपूर्ति हो रही है। नई लाइन बिछाने का काम दो चरणों में प्रस्तावित है, जिसमें से पहले चरण का केवल 60 प्रतिशत काम ही पूरा हो पाया है। क्षेत्र में सीमेंट की सड़कें होने के कारण लाइन बिछाने के लिए बड़े ब्रेकरों का उपयोग किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार, इस खुदाई और कंपन के कारण पुरानी जर्जर पाइपलाइनें जगह-जगह से फूट रही हैं, जिससे सीवेज का गंदा पानी पेयजल में मिल रहा है।

सिस्टम की खामी ने ली मासूमों की जान- नगर निगम की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि ड्रेनेज और पानी की लाइनों का साथ-साथ होना ही इस स्वास्थ्य संकट की मुख्य वजह है।

# संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने शनिवार को सुबह से प्रारंभ हुए मैसिव रिंग सर्वे कार्य की समीक्षा की

**दिन भर में 80 ट्यूबेल्स का किया क्लोरीनेशन, देर शाम अधिकारियों के साथ पहुँचे क्षेत्र में**




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े शनिवार सुबह को भी जिला प्रशासन, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में किये गए मैसिव रिंग सर्वे कार्य की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में निगम और स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किये गये संपूर्ण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि दिन भर में 80 से अधिक ट्यूबेल का क्लोरीनेशन किया है और उसका लगातार टेस्टिंग किया जाएगा। क्षेत्र में जब तक सेफ वॉटर नहीं बनता तब तक क्षेत्र में जल सप्लाई नहीं किया जाएगा। साथ ही भागीरथपुरा में कोलकता और भोपाल की टीम पहुंची है। उन्होंने बताया कि क्या कारण है उसकी पूरी जांच करके वैज्ञानिक रिपोर्ट हमारे सामने आ जायेगी उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए भी पर्याप्त प्रबंधन प्रारम्भ किये गए है। इसके अलावा जो भी मरीज है उनकी मॉनिरिंग के लिये टीम लगाई गई है। मरीजों को अच्छे अस्पताल में शिफ्ट भी कर रहे है। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक के पश्चात सम्भागायुक्त अधिकारियों के अमले के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र का भी भ्रमण कर पानी की पुनः जानकारी ली। इसके अलावा पानी की टंकी का अवलोकन करते हुए आवश्यक जांच भी की। इस दौरान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नवागत नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त, आशीष कुमार पाठक, श्री आकाश सिंह, श्री प्रखर सिंह, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, सीएमएचओ डॉ. माधव हासनानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर्र, नगर निगम आयुक्त सहित अमला सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुँचा

**प्रभावितों के उपचार पर तीन स्तरों पर की जा रही है निगरानी**



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नवागत नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने रविवार सुबह से ही नगर निगम अमले के साथ भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुँचे। वहाँ उन्होंने भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के नियंत्रण के लिये किये जा रहे उपायों के बारे में संबंधित विभागों के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की समझाईश भी दी। उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से चर्चा की और उन्हें आश्वस्त किया कि घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध जल उपलब्ध हो सके, इसको सुनिश्चित करने के लिये प्रशासन विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर लगातार कार्य कर रहा है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध जल मिले, साथ ही बोरिंगों में भी शुद्ध पानी प्राप्त हो, इसके लिये माइक्रो लेवल पर कार्य किया जा रहा है। साथ ही उसकी निगरानी भी की जा रही है। इस कार्य में नगर निगम,स्वास्थ्य विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल से प्रभावित हुये नागरिकों के उपचार के लिए प्रशासन तीन स्तर पर कार्य कर रहा है। भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित बीमारियों से प्रभावित व्यक्तियों को अस्पतालों उपचार हेतु भर्ती कराया जा रहा है। प्रशासन वहाँ उनके निःशुल्क उपचार की व्यवस्था की गयी है। प्रभावितों के उपचार में उपयोगी दवाइयाँ,इंजेक्शन आदि निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीवर्मा ने कहा कि प्रशासन के सतत प्रयासों के चलते अब प्रभावितों की संख्या में निरंतर कमी आ रही है।, लेकिन फिर भी प्रशासन पूरी सतर्क है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जलजनित बीमारी से प्रभावितों हुये मरीजों की पूरी तरह से निगरानी की जा रहा है और उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। जो मरीज डिस्चार्ज होकर घर पहुँचे है,उनके स्वास्थ्य की भी जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस कार्य में चिकित्सा विशेषज्ञ एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की टीमें तैनात हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि नगर निगम का अमला लगातार क्षेत्र में सर्वे के साथ ही भागीरथपुरा क्षेत्र में रिंग सर्वे में जुटा है। लीकेज भी ढूंढे जा रहे है। कुछ लीकेज ठीक भी किये जा चुके है। साथ ही शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पानी को क्लोरीनेशन किया जा रहा है, घर घर शुद्ध जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है। पेयजल के लिए क्लोरिनेटेड वॉटर सप्लाई किया जा रहा है। जबकि अन्य उपयोग के लिए जिन बोरवेल के सेंपल लिए गए और उपयोग हेतु ठीक पाये गए,उसका उपयोग अन्य कामों में किया जा सकता है। कलेक्टर श्री वर्मा ने भागीरथपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिकों से भी आवश्यक चर्चा कर रहे हैं।

# नीमच में पहली बार दिखा एशियन वाटर बर्ड

## ग्रेट व्हाइट पेलिकन, कॉमन टील,रूडीशेल डक मिले



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल स्त्रोतों और जल पक्षियों के संरक्षण को मजबूत बनाने मध्य प्रदेश में पहली बार एशियन वाटर बर्ड गणना( ए डब्ल्यू सी) के तहत नीमच में तीन और चार जनवरी 2026 को वन विभाग और नीमच बर्ड्स ग्रुप ने जलीय पक्षी सर्वेक्षण व गणना कार्य संपन्न किया। वन मंडल अधिकारी श्री एस के अटोदे के निर्देशन व एसडीओ फॉरेस्ट नोडल ऑफिसर श्री दशरथ अखंड के नेतृत्व में सिटीजन साइंस को बढ़ावा देने नीमच बर्ड्स ग्रुप के पक्षी विज्ञानी एवं एवं पक्षी प्रेमियों के साथ यह कार्य पूर्ण हो रहा है। इस सर्वेक्षण में विशेष रूप से प्रवासी पक्षी की दुर्लभ प्रजाति ग्रेट व्हाइट पेलिकन जो अपनी बड़ी चोंच और विशाल नीचे लटकती थैली के लिए जाना जाता है के साथ, कॉमन टील , रूडिशल डक की उपस्थिति दर्ज की गई । साथ ही रेयर पक्षी ओरिएंटल डार्टर ,कोरमोरेंट इग्रेट , पॉन्ड हैरान , पर्पल और ग्रे हेरॉन , लेसर विसलिंग डक, यूरेशियन कूट , नॉब बिल्ड डक, स्टिल्ट, रिवर टर्न, इंडियन स्पॉट बिल्ड डक, ग्रीब, आईबीस , स्वंप हेन , स्टोरक की प्रजातियां देखी गई । साथ ही आसपास के क्षेत्र में विशेषतः प्रवासी पक्षी हमस वारब्लर, रेड ब्रेस्टेड फ्लाइकेचर , साइबेरिया स्टोनचैट , थिक नी, सारस क्रेन, एशियाई बॉर्न आउल, स्पॉटेड आउल, टाउनी पीपीट, वैगटेल देखे गए।

वन विभाग के कर्मचारियों के साथ शहर के नीमच बर्ड्स ग्रुप के पक्षी विशेषज्ञ डॉ. साधना सेवक, श्री इंद्रजीत सिंह, निकिता यादव , अनमोल यादव, अक्षय यति, अजय धाकड़ अंजली शर्मा ने नेतृत्व किया और साथ में पहली बार भागीदारी कर रहे जाजू कॉलेज , पीजी कॉलेज के वॉलिंटियर्स ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम सर्वेक्षण 3 जनवरी को शहर के प्रमुख वेटलैंड्स हमीरिया तालाब, शिवाजी सागर डेम , ठीकरिया तालाब, जीरन ढुहरबार तालाब, हरकीया खाल डेम, चैनपुरा डेम, घसुंडी में किया गया । दिनांक 4 को यह सर्वेक्षण जिले के आंतरिक दूरस्थ वेटलैंड्स किरता तालाब, लासूर बांध, श्रीपुरा, कनपुरिया तालाब, जावी तालाब , अमरतीया तालाब , लासूर , में किया जा रहा है। यहां पक्षी प्रेमी प्रिंस शर्मा ने अमरतिया तालाब में 35 प्रजाति, साक्षी शर्मा , निकिता यादव ने लासूर बांध पर 43 प्रजातियां सर्वेक्षण में पाई। नीमच बर्ड्स की डॉ साधना सेवक ने वन विभाग के अधिकारीगण, रेंजर्स व अन्य सहयोगियों के पूर्ण सहयोग से नीमच बर्ड्स के पक्षी प्रेमी हरीश भाटी, साक्षी, कुसुम , भाग्यश्री पंवार, निर्मला प्रजापति, भूपेंद्र, जयराज , कुमकुम, मधुबाला ,सभी ने उत्साह और रुचि से कम समय में पक्षी पहचानना और ई बर्ड ऐप में डेटा संधारित करने का प्रशिक्षण लेकर नीमच के जलीय पक्षी गणना के कार्य को सफल बनाने पर आभार प्रदर्शित किया ।

## अक्षय क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी से पीड़ित उपभोक्ताओं का शासन ध्यान देकर हल करें -जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सोम

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।**मंदसौर जिले से संचालित अक्षय क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के नाम से छोटे उपभोक्ताओं को कर्ज देकर 26 प्रतिशत ब्याज की वसूली के साथ ही उनके द्वारा के धरोहर के रूप में दिए गए चेक उपभोक्ता की ओवरड्यू राशि होने पर संस्था द्वारा उपभोक्ताओं के खिलाफ अपने मनमानी ढंग से की गई कई कार्रवाई करते हुए चेक लिए जाते हैं उन चेकों पर उपभोक्ताओं के द्वारा किस्त की राशि ओवरड्यू होने पर उसे राशि को वसूलने के लिए उपभोक्ता द्वारा बकाया राशि राशि ना भरते हुए समिति के कर्मचारीयों के द्वारा किस्त ओवरड्यू की राशि भरी जाती है फिर धरोहर के रूप में रखे गए चेकों को को बैंक में लगाया जाता है राशि कम होने पर होने पर उनके द्वारा दिए गए चेक को बैंक में लगाकर उसे अनाद्रित करते हुए उनके चेकों को उनके द्वारा अधिकृत एडवोकेट के द्वारा न्यायालय में प्रकरण चलाएं जा रहे हैं जिसमें कई उपभोक्ताओं के ऊपर 50 हजार के लोन 2 लाख रुपए तक के हो चुके हैं ऐसी स्थिति में कई परिवार इस अक्षय क्रेडिट कोऑपरेटिवसमिति के खिलाफ आंदोलन भी कर चुके हैं। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सोम प्रशासन से मांग करी है कि ऐसी सोसाइटियों की जांच करते हुए इनके ऊपर एक समिति गठित की जाए और उनके लेनदेन पर भी ध्यान दिया जाए जिससे हजारों उपभोक्ताएं जिन्होंने गांधी चौराहे पर धरना दिया था इसमें न्यायालय भी कुछ नहीं कर पता है क्योंकि जो चेक लगाए जाते हैं उसका एन आई ए की धारा 138 की कार्रवाई का पालन करना न्यायालय की मजबूरी हो जाता है ऐसी पीड़ित पक्षकारों के लिए शासन द्वारा टेबल लगाकर पीड़ित जनता को न्याय दिलाया जाए नहीं तो आने वाले समय में गरीब परिवार आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगे फिर शासन कुछ नहीं कर सकता अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन द्वारा पीड़ित उपभोक्ताओं के समर्थन में मांग की गई है कि यदि शासन ध्यान नहीं देता है तो इस संस्था से पीड़ित उपभोक्ताओं को साथ लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं रिजर्व बैंक के द्वारा दिए गए लाइसेंस को रद्द करने की मांग की जाएगी। यह जानकारी अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह द्वारा दी गई।

## उर्वरक वितरण की ई-विकास पर पंजीयन अनिवार्य अब घर बैठे ई-टोकन बुक करा सकेगे किसान

**राजगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र बेरखेड़ी कला भोपाल मे उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें उर्वरक वितरण की ई-विकास पर agristack पर किसानों का पंजीयन अनिवार्य किया है। भोपाल संभाग के सभी जिले के कृषि, एम.पी.एग्रो., विपणन एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी शामिल हुए। जिन्हे ई-टोकन व्यवस्था की जानकारी दी। संभाग के पायलेट प्रोजेक्ट मे शामिल जिला विदिशा के अधिकारियों से इनमें आने वाली चुनौतियों की जानकारी लेकर उनके निराकरण बताए। सभी अधिकारी अपने जिले के किसानों को अपडेट करते हुए उन्हे ई-टोकन प्रणाली से जोड़ेगे तथा इसी के माध्यम से खाद का वितरण करेगें। उक्त प्रणाली 01 जनवरी 2026 से लागू किया गया है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भोपाल संभाग भोपाल ने बताया कि किसान जिस समिति का ड्यू सदस्य है, उसे संबंधित समिति पर ही खाद बुक करना होगा। खरीफ सीजन में ली खाद की लिमिट पूरी हो चुकी है, तो नकद राशि जमा कर लिमिट खुलवाना होगी। प्राप्त ई-टोकन की वैद्यता 3 दिन की ही रहेगी। जिन किसानों को पोर्टल पर जमीन रिकॉर्ड दिखाई न दें, उन्हे पटवारी से संपर्क कर पहले agristack पर पंजीयन करना होगा, इसके बाद ही योजना से जुड़ सकेगें।

संयुक्त संचालक, कृषि ने बताया कि अब किसान घर बैठे ई-टोकन बुक करा सकेंग। किसान ई-विकास प्रणाली अंतर्गत किसान etoken.mpkrishi.org पोर्टल पर जाकर अपने आधार कार्ड के माध्यम से पंजीयन करवा सकेगे, ओटीपी सत्यापन के बाद agristack से प्राप्त भू-अभिलेख से जानकारी लेकर आधार और मोबाइल नंबर का सत्यापन करना होगा।

# सुरक्षा घेरे के बीच कांग्रेसजन ने सांसद गुप्ता, उपमुख्यमंत्री देवड़ा के घर के बाहर घंटे, घड़ियाल बजाकर किया प्रदर्शन

## मंदसौर विधानसभा के तीनों ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर नगर निगम द्वारा सप्लाई किए गए दूषित पानी के सेवन से अब तक 15 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है तथा अनेक लोग अभी भी उपचाररत हैं और सरकार में बैठे मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा उलूल जूलूल बयान देकर जनता व मीडिया का मजाक उड़ाकर असंवेदनशीलता का परिचय दिया। इसी मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार मन्दसौर विधानसभा के मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मन्दसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं दलौदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आहवान पर मंदसौर जिला मुख्यालय पर स्थित सांसद सुधीर गुप्ता एवं उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के घर के बाहर कांग्रेस जन ने घंटे, घड़ियाल बजा कर जोरदार किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इक्ट्ठे होकर घंटे, घड़ियाल बजाकर नारेबाजी की वहीं सांसद सुधीर गुप्ता एवं उपमुख्यमंत्री देवड़ा के घर तक पुलिस द्वारा लगाए गए बेरीकेट्स को कांग्रेस के कार्यकर्ता ने गिराते हुए घर के बाहर प्रदर्शन कर नारे बाजी की।

विरोध प्रदर्शन के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। प्रदेश की सरकार को जनता से कोई सरोकार नहीं हे भ्रष्टाचार के आखंड में डूबी सरकार के मंत्री गलत बयान बाजी कर जनता का मखौल उड़ा रही है। कांग्रेस पार्टी इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगी और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाकर रहेगी। विधायक विपिन जैन ने कहा कि इंदौर की घटना बेहद निंदनीय है और यह प्रशासन की विफलता को दर्शाती है। प्रदर्शन में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सोमिल नाहटा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा, मल्हारगढ़ विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसौदिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो.हनीफ शेख, ब्लाक अध्यक्षगण में सुश्री इष्टा भाचावत, विकास दशोरा, विनोद शर्मा जिला कांग्रेस पदाधिकारीयो में सर्वश्री कांति लाल राठौर, अजय लोढ़ा, राजनारायण लाड़, कमलेश सोनी, आदित्य पाटिल, सुनील पामेचा, चंदर सिंह सिसोदिया, साबिर इलेक्ट्रिशन, गोविंद सिंह सिसोदिया, माजिद चौधरी, खलील पठान, जितेंद्र सोपरा,निर्मल बसेर, सुनील बसेर, विजय सिंह सिसोदिया, पूर्व सेवादल जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह राजपूत, रफत पयामी, राखी सत्रावाला, नेहा कनकमल जेन, अजय मारू, शुभम कुमावत आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**राजगढ़/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा , गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

# पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए किसानों को सलाह

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** किसान भाईयों को पाले से फसलों की सुरक्षा एवं सर्तकता हेतु सलाह दी जाती है कि पाला का पूर्वानुमानः जिस दिन आकाश पूर्णतया साफ हो, वायु में नमी की अधिकता हो।

कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा कम हो एवं भूमि का तापमान शून्य डिग्री सेंटीग्रेट अधया इससे कम हो जाए, ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाता है। इस साथ ही पौधों की पत्तियों में विद्यमान जल संघनित होकर बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जिससे पत्तियों की कोशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है।

पाला से बचाव के उपाय-पाला पड़ जाने पर नुकसान की संभावना अत्यधिक होती है। ऐसी स्थिति में किसान भाई निम्नानुसार सावधानी अपना कर फसलो को बचा सकते हैं।

पाले की संभावना पर रात में खेत में 6-8 जगह पर धुआं करना चाहिये।

यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तिया- जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है।

पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जिससे खेत गीला हो जाए।

रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलने है। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है।

रसायन से पाला नियंत्रण वैज्ञानिकों द्वारा रसायनों का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये गए हैं। उदाहरणार्थ-

घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत् का घोल (3 से 5 एम.एल./ली. पानी के साथ)


घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत बोरान 0.1 प्रतिशत घोल (3 से 5 एम.एल./ली. +1 एम.एल. पानी के साथ) गंधक के एक लीटर तेजाब को 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़कने से लगभग दो सप्ताह तक फसल पाले के प्रकोप से मुक्त रहती है।

रसायनों विशेषतया गंधक के तेजाब का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक तथा किसी कृषि विशेषज्ञ केमार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिये।

उपरोक्त में से कोई भी एक घोल बनाकर छिड़काव करके फसल को पाले से बचाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये आपके क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं तकनीकी सलाह हेतु नजदीकी कृषि विज्ञान केन्द्र से संपर्क करें।

# सीवरेज सिस्टम ट्रीटमेंट प्लान कार्ययोजना पर गंभीरता से पुनर्विचार किया जाए-पूर्व विधायक सिसौदिया

## कलेक्टर अदिति गर्ग को पूर्व विधायक सिसौदिया ने दूरभाष पर दिया सुझाव



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर की अकल्पनीय घटना जिसमें पानी की सप्लाई वाली पाइप में सीवरेज का पानी मिल जाने से वह पानी जहरीला हो गया और लोग काल कल्वित हो गए, मंदसौर शहर में आने वाले दो-तीन वर्षों में पूरे शहर में सीवरेज सिस्टम और ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य योजना जिसकी लागत लगभग 150 करोड़ रुपए हैं तथा योजना का टेंडर भी हो गया है और गांधी नगर से कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

कलेक्टर अदिति गर्ग से दूरभाष पर चर्चा करते हुए पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने यह सुझाव दिया है कि सभी जनप्रतिनिधिगण, नगर पालिका परिषद के सभी जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, जल जीवन मिशन के अधिकारीगण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग जिम्मेदार अधिकारियों के साथ सीवरेज सिस्टम ट्रीटमेंट कार्य योजना का जो नक्शा ब्लूप्रिंट ड्राइंग डिजाइन के साथ बना है, उसको गंभीरता से देखते हुए उस पर पुनर्विचार किया जाना अति आवश्यक है। जिन गली मोहल्ले में नल-जल की पाइप लाइन है और उसी के नज़दीक यदि सीवरेज सिस्टम की कार्य योजना पर कार्य होगा, तो ऐसे में यह भी देखा जाना चाहिए कि कहीं पेयजल की पाइप लाइन और सीवरेज की पाइप लाइन का मेल मिलाप तो नहीं हो रहा है। अन्यथा सीवरेज के पाइप लीकेज के कारण पेयजल की आपूर्ति करने वाले पाइप में यदि वह पानी चला जाएगा, तो न केवल लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा बल्कि वह जानलेवा भी हो सकता है। मंदसौर नगर में पानी की सप्लाई वाली लाइनों का पूरा नक्शा उभर कर सामने आना चाहिए, कहां-कहां किन-किन गली मोहल्ले में पाइप लाइन आगे या पीछे की गली में डाली हुई है, उसका नक्शा सामने आना चाहिए तथा सीवरेज लाइन की क्या ड्राइंग और डिजाइन है उसका भी नक्शा सामने रखकर उस पर अध्ययन किया जाना चाहिए।

# आउटसोर्स कर्मचारी, संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी की बैठक संपन्न

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर में विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी, संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी की एक बैठक रखी गई। बैठक में सीटू के प्रदेश सचिव शैलेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सरकार ने चार कोड लागू कर समस्त कानून हटा दिए हैं। जिसकी पहली प्रयोगशाला मध्य प्रदेश बना है और 4-30 लाख पद समाप्त किए हैं तथा आउटसोर्स संविदा ठेका सहित इसी न्यूनतम वेतन श्रेणी के तमाम अस्थाई पदों को समाप्त कर फिक्स्ड टर्म एंप्लॉयमेंट निश्चित अवधि का रोजगार का रोजगार लागू करने का निर्णय लियाहै। संबंधित विषय पर विस्तृत चर्चा की गई।

मंदसौर से वरिष्ठ अभिभाषक गोपाल कृष्ण मोड द्वारा कई बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स योर न्यूनतम वेतन श्रेणी के श्रमिक कर्मचारी को 2027 में हटाए जाने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें कई प्रकार के मुद्दे सामने आए। मीटिंग की अध्यक्षता महेश कुमार रावल ने की तथा मीटिंग को नगर पालिका के नेता सीटू के जिला महासचिव बालू सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक में नगर पालिका ,श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, अक्षय ऊर्जा, जल संसाधन, मलेरिया उन्मूलन, पीजी कॉलेज, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी एवं स्वास्थ्य आदि विभागों के प्रमुख नेतृत्व कर्ता साथी उपस्थित थे। जिन्होंने बताया कि हमें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है हमें न्यूनतम वेतन का लाभ नहीं मिल रहा है हमें बोनस नहीं मिल रहा है अभी समस्याओं को सुना गया एवं विचार विमर्श किया गया। उनके समाधान के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाएगी तथा आंदोलन भी किया जाएगा।

## प्राचीन भादरा माताजी मंदिर बाणदा जहाँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद होती है पुरी



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भादरा माता मंदिर एक बहुत ही प्रसिद्ध और पवित्र मंदिर है, जो नीमच सिंगोली मेन सड़क से जेतल्या होते हुए बाणदा पहुंचता है, जो मेन सड़क से लगभग 10 किलोमीटर दूर है। जन चर्चा के आधार पर ऐसा कहा जाता है इस मंदिर में भूत-प्रेत, डायन और हर तरह की समस्याओं का समाधान होता है!

भादरा माताजी को बहुत ही शक्तिशाली और पूज्यनीय माना जाता है। कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन से उनकी आराधना करता है, उसके जीवन में भय और बाधाएं समाप्त हो जाती हैं। माता भादरा के दर्शन मात्र से ही भक्तों के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी होती है !

इस प्राचीन मंदिर की विशेषता यह है कि यहां पर डकैत भी डकैती से पहले माता का आशीर्वाद लेने आते थे। यह मंदिर आदिवासी अंचल बाणदा के घाट के ऊपर है, जिसमें जंगली जानवर आया करते थे। मंदिर में माता भादरा की मूर्तियां बनी हुई हैं और यहां पर बिजली पानी की व्यवस्था भी है।

प्रतिवर्ष माताजी के भक्त यहां पहुंच मन्नत पुरी होने पर रातीजगा, हवन, यज्ञ आदि धार्मिक आयोजन करते रहते हैं। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया जाता है और भक्तों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं!

बाणदा ग्रामवासी लाभचंद चौहान एवं मंदिर पुजारी भोपा ने बताया कि- भील समाज इसे कुलदेवी के रूप में पूजने लगे हैं। माता भादरा की महिमा करीब 100 वर्षों से सुचारू रूप से बनी हुई है और प्रतिवर्ष माताजी के भक्त यहां पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं।

## 765 व्यापारियों ने किया मतदान, अशोक अरोरा लाइन में लगकर पहुंचे मतदान करने



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ चुनाव में मतदान का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। ताज़ा जानकारी के अनुसार अब तक 765 व्यापारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं, जिससे मतदान प्रतिशत और मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। मतदान केंद्र पर लंबी कतारें लगी हुई हैं। इसी बीच समाजसेवी अशोक अरोरा भी आम मतदाताओं लाइन में लगकर मतदान करने पहुंचे। उनके इस कदम को लेकर व्यापारियों में सकारात्मक संदेश देखने को मिला और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता का उदाहरण सामने आया। अध्यक्ष पद के लिए गोपाल गर्ग और राकेश भारद्वाज के बीच सीधा और कड़ा मुकाबला बना हुआ है। दोनों प्रत्याशियों के समर्थक मंडी परिसर में सक्रिय हैं, हालांकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कुल 1001 मतदाताओं में से बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा मतदान किए जाने से यह स्पष्ट है कि चुनाव को लेकर व्यापारी वर्ग में खासा उत्साह है। अब सभी की निगाहें शेष मतदान और शाम को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं, जो यह तय करेगी कि मंडी व्यापारी संघ की कमान किसे सौंपी जाएगी।

## दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट लगाना अनिवार्य

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाना अनिवार्य होगा। बिना हेलमेट लगाने वाले दो पहिया वाहन चालकों के विरूध्द मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किये गये है।

जारी निर्देश में कहा है कि सभी स्कूल एवं कॉलेजों के प्रधान अध्यापक, छात्र छात्राओं के अभिभावकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें कि, वह बच्चों को स्कूल, कॉलेज लेकर आते- जाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने बिना हेलमेट लगाने वाले अभिभावकों एवं छात्र- छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में प्रवेश निरूध्द करने की सख्त हिदायत दिया जावे। इस संबंध जिला दण्डाधिकारी के माध्यम से निर्देश जारी किये जाएगें। सभी पेट्रोल पंपों पर फ्लेक्स,बैनर के माध्यम प्रचार-प्रसार करें साथ ही पेट्रोल की आपूर्ति के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल वितरण करेगे ऐसे सख्त हिदायत दिया जावे ताकि सभी हेलमेट पहन कर ही पेट्रोल पंप आवें।

स्थानीय निकाय जैसे ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका एवं ठेके पर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दी जाती है. जहाँ यात्रीगण बिना हेलमेट धारण किये हुए आकर वाहन पार्किंग में लगाते है, हेलमेट लगाने पर ही उनकों वाहन पार्किंग की सुविधा दी जावे, ऐसी पार्किंग संचालकों को सख्त हिदायत दी जावे।

# इंदौर जलकांड के विरोध में नीमच में कांग्रेस का 'घंटा बजाओ' आंदोलन, विधायक दिलीप सिंह परिहार के निवास का किया घेराव



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत और सैकड़ों लोगों के बीमार होने की घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में रविवार को नीमच में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाते हुए विधायक दिलीप सिंह परिहार के निवास का घेराव किया और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की।

कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता घंटा लेकर पैदल मार्च के रूप में रवाना हुए। यह मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरता हुआ विधायक निवास तक पहुंचा। इस दौरान कैलाश विजयवर्गीय इस्तीफा दो, घंटा मंत्री इस्तीफा दो और इंदौर की गलियां सूनी हैं, पानी नहीं यह ज़हर है, भाजपा का कहर है जैसे नारों से शहर गूंज उठा।

विधायक निवास के बाहर आयोजित प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भागीरथपुरा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विधानसभा क्षेत्र है, इसके बावजूद वहां शुद्ध पेयजल की व्यवस्था न होना सरकार की गंभीर विफलता को दर्शाता है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घटना के बाद मंत्री द्वारा मीडिया से चर्चा के दौरान अभद्र और असंवेदनशील भाषा का प्रयोग किया गया, जिसमें 'घंटा' शब्द का इस्तेमाल सत्ता के अहंकार का प्रतीक है।

स्थिति को देखते हुए विधायक निवास के आसपास पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और जवान तैनात रहे। वहीं विधायक निवास के बाहर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमंत हरित एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## नया युद्ध बिना घोषणाः वेनेजुएला और बदलती विश्व व्यवस्था

3 जनवरी 2026 की सुबह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। वॉशिंगटन से आई एक घोषणा ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को झकझोर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि अमेरिकी सेनाओं ने व्यापक सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। और उन्हें न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है जहाँ नार्को-टेररिज्म के आरोपों पर ट्रायल होगा। ट्रम्प ने साथ ही यह स्पष्ट किया कि वेनेजुएला का शासन और संक्रमण प्रक्रिया अब अमेरिका के नियंत्रण में होगी। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है जो तेल कीमतों को हिला सकता है और वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश में अमेरिकी प्रभाव की यह सीधी स्थापना रूस, चीन और ईरान के लिए खुला संकेत है। यह संकट केवल ऊर्जा बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को भी चुनौती देगा, जहाँ पेट्रोडॉलर की शक्ति और ब्रिक्स की आकांक्षाएँ आमने-सामने खड़ी हैं।

वेनेजुएला का संकट अचानक नहीं, बल्कि वर्षों की विफल नीतियों का परिणाम है। इसकी नींव ह्यूगो शावेज के दौर में पड़ी, जब तेल आधारित समाजवादी मॉडल को समृद्धि का आधार बनाया गया। समय के साथ भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और आर्थिक कुप्रबंधन ने इस व्यवस्था को खोखला कर दिया। 2014 में वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट ने संकट को उजागर किया और देश अतिमुद्रास्फीति, खाद्य कमी व स्वास्थ्य आपदा में डूब गया। परिणामस्वरूप लाखों नागरिकों को पलायन करना पड़ा। सत्ता बचाने के लिए निकोलस मादुरो ने रूस, चीन और क्यूबा का सहारा लिया तथा अमेरिकी प्रतिबंधों को चुनौती दी। इसके जवाब में ट्रम्प प्रशासन ने दबाव बढ़ाया। सितंबर 2025 से कैरिबियन क्षेत्र में तस्करी से जुड़े जहाजों पर हमलों ने तनाव तेज कर दिया। अंततः डेल्टा फोर्स और सीआईए के संयुक्त अभियान में मादुरो गिरफ्तार हुए। ट्रम्प ने इसे नार्को-आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई बताते हुए वेनेजुएला को सुरक्षित संक्रमण तक ले जाने की बात कही। लेकिन आलोचकों के अनुसार वास्तविक लक्ष्य विशाल तेल भंडारों पर नियंत्रण है, जो लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की वापसी और क्षेत्रीय अस्थिरता का संकेत देता है।

इस संकट का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। वेनेजुएला फिलहाल वैश्विक आपूर्ति का लगभग एक प्रतिशत, यानी करीब दस लाख बैरल प्रतिदिन तेल उत्पादन करता है, लेकिन उसके भंडार दुनिया में सबसे बड़े हैं। हमले के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें साठ से इकसठ डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहीं, पर भू-राजनीतिक जोखिम के कारण पाँच से दस डॉलर की बढ़ोतरी की आशंका है। यदि उत्पादन या निर्यात बाधित हुआ–जैसे बंदरगाहों की नाकेबंदी या बीमा अड़चनें–तो भारी कच्चे तेल की कमी से डीजल और परिष्कृत ईंधन महंगे हो सकते हैं। अभी बाजार में आपूर्ति की अधिकता है; अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार लगभग अड़तीस लाख बैरल प्रतिदिन का सरप्लस मौजूद है, इसलिए तत्काल असर सीमित रहा। लेकिन संघर्ष लंबा चला तो तेल अस्सी से सौ डॉलर प्रति बैरल तक जा सकता है, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति तेज होगी। विशेषज्ञ इसे अल्पकालिक झटका और दीर्घकालिक संतुलन परिवर्तन मानते हैं।

दीर्घकाल में यह संकट तेल कीमतों पर दबाव भी बना सकता है। यदि अमेरिकी प्रतिबंध हटते हैं और शेवरॉन जैसी कंपनियां निवेश करती हैं, तो वेनेजुएला का उत्पादन दो से तीन मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुँच सकता है। इससे भारी कच्चे तेल की अधिकता होगी और कीमतें पचास से साठ डॉलर के दायरे में सिमट सकती हैं। ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी कंपनियां वेनेजुएला के तेल उद्योग को अत्यधिक लाभकारी बनाएंगी, जिससे पेट्रोडॉलर की पकड़ मजबूत होगी। लेकिन यदि गुरिल्ला प्रतिरोध, आंतरिक विद्रोह या रूस-चीन का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप हुआ, तो उत्पादन में दस लाख बैरल की गिरावट कीमतों को तीस से चालीस डॉलर तक उछाल सकती है। इससे रूस और ईरान जैसी तेल-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरा झटका लगेगा। साथ ही यह ब्रिक्स की डी-डॉलराइजेशन रणनीति को कमजोर कर सकता है, जबकि क्षेत्रीय अस्थिरता शिपिंग लागत बढ़ाकर नई चुनौतियाँ खड़ी करेगी।

वेनेजुएला संकट ने वैश्विक कूटनीति में तनाव की नई सीमाएँ खींच दी हैं। रूस और चीन इसे प्रत्यक्ष अमेरिकी हस्तक्षेप मानते हैं। रूस पहले ही सैन्य सहायता दे चुका है, जबकि चीन वेनेजुएला के लगभग अस्सी प्रतिशत तेल निर्यात का आयात करता है। यदि अमेरिका पूर्ण नियंत्रण स्थापित करता है, तो रूस की यूक्रेन युद्ध फंडिंग पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, वहीं ईरान को भी भारी कच्चे तेल के बाजार में नुकसान झेलना पड़ेगा। कुछ विश्लेषक इसे रिवर्स क्यूबन मिसाइल क्राइसिस बता रहे हैं, जहाँ रूस या चीन लैटिन अमेरिका में सैन्य ठिकाने बनाने का प्रयास कर सकते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर कोलंबिया, ब्राजील और निकारागुआ जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। यह कदम संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भावना के विरुद्ध माना जा रहा है, जिससे वैश्विक कूटनीति कमजोर हो सकती है। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन इसे नार्को-टेररिज्म विरोधी कार्रवाई बताकर वैध ठहराने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव गहरा और बहुपक्षीय होगा। तेल कीमतों में उछाल से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जिसका सीधा असर भारत और चीन जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा। भारी कच्चे तेल के बड़े आयातक भारत को विशेष लागत दबाव झेलना पड़ सकता है। इसके विपरीत, कीमतों में गिरावट अमेरिकी उपभोक्ताओं को राहत दे सकती है और शेयर बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ा सकती है। सुरक्षा दृष्टि से अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपनी पकड़ मजबूत करेगा, लेकिन लैटिन अमेरिका में विरोध और असंतोष भी तेज होगा।

## दैनंदिन क्रियाकलाप में ईश्वर का सानिध्य होना ही धर्म है



संघर्ष के समय परमात्मा को याद करना स्वाभाविक है। परंतु जब हम पूर्ण संतुष्टि में हों तो भी परमात्मा से जुड़े रहना हमारी इस संतुष्टि को स्थाई बनाने के लिए जरुरी है। हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि परम के संग जुड़ने में ही हमारे जीवन की सार्थकता है। जो साथ जाएगा ही नहीं, जो जरुरी नहीं उसमें हमारा चित्त ज्यादा लगता है, और जो साथ जाना है उसका हम चिंतन ही नहीं करते हैं। साथ क्या जाना है? साथ जायेगा हमारे अंदर स्थापित होने वाला धर्म। धर्म, ईश्वर की आराधना की विधि नहीं है बल्कि ईश्वर को पाने की आकांक्षा है।

जीवन में संघर्ष तो करना ही पड़ता है। वह संघर्ष हम अपने जीवन को जीते हुए अपने परिवार के लिए, उनके सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए करते हैं, वो हमारा दायित्व है। इस संघर्ष के दौरान हम ईश्वर से सफलता हेतु प्रार्थना करते हैं तो फल प्राप्त होगा या नहीं यह हम पूर्ण विश्वास के साथ नहीं कह सकते क्योंकि यहां हमारी ईश्वर से की गई इच्छा शुद्ध नहीं है। शुद्ध इच्छा के अंदर जागृत होते ही हम पवित्र होने लगते हैं, ईश्वर के सानिध्य में रहने लगते हैं। सहज योग के माध्यम से इच्छा को शुद्ध इच्छा में परिवर्तित करने का मार्ग मिलता है और हम परमेश्वर के चित्त में स्थान पाते हैं। इससे बड़ी और क्या उपलब्धि हो सकती है हमारे लिए। हम एक सामान्य इंसान से दिव्य हो जाते हैं। और ऐसा होते ही हर जिम्मेदारी हमें आसान लगने लगती है।

इस संबंध में परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती है- एक बार जब आप सच्चाई को धारण कर लेते हैं तो आपका अपना जीवन ही लोगों को विश्वास दिलायेगा कि आप दिव्य हैं। जो कुछ भी आप करते हैं, वह लोगों को यकीन देगा कि आप दिव्य हैं, और जो कुछ भी आप कहेंगे, लोग जान जाएंगे कि यह दिव्य शक्ति से आ रहा है।

# डिब्बों से डिजिटल तकः भारतीय रेलवे का आधुनिक रूपांतरण

भारतीय रेल देश की जीवनरेखा मानी जाती है और यह भारत के सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।भारतीय रेल की खास बात यह है कि भारतीय रेल एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है तथा पाठक जानते होंगे कि भारत में पहली रेलगाड़ी 16 अप्रैल 1853 को मुंबई के बोरीबंदर (वर्तमान छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) से ठाणे के बीच चलाई गई थी तथा यह ऐतिहासिक यात्रा भारतीय रेल के इतिहास की शुरुआत मानी जाती है। पाठकों को बताता चलूं कि इस पहली यात्री ट्रेन ने लगभग 34 किलोमीटर की दूरी तय की थी और इसमें करीब 400 विशिष्ट अतिथि सवार थे। ट्रेन को तीन भाप इंजनों-साहिब, सिंध और सुल्तान द्वारा खींचा गया था तथा इस अवसर पर ट्रेन के प्रस्थान के समय 21 तोपों की सलामी भी दी गई थी। बोरीबंदर से ठाणे तक की यह पहली रेल यात्रा न केवल परिवहन के क्षेत्र में क्रांतिकारी सिद्ध हुई, बल्कि भारत में सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास की दिशा में एक नए युग की नींव भी बनी। गौरतलब है कि प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ से अधिक यात्री भारतीय रेल से सफर करते हैं और यह आम लोगों के लिए यातायात का बहुत ही शानदार साधन है।

भारतीय रेल देश के लगभग-लगभग हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को जोड़ती है तथा यह दुनिया का सबसे बड़ा नियोक्ता (सरकारी क्षेत्र) में से एक है।भारतीय रेल का आदर्श वाक्य है-%जीवन रेखा%, जो इसकी भूमिका को दर्शाता है।वंदे भारत एक्सप्रेस भारत में निर्मित सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है। कहना ग़लत नहीं होगा कि रेल के क्षेत्र में हम लगातार प्रगति पर हैं। भारतीय रेल ने बीते कुछ ही वर्षों में आधुनिक तकनीक, तेज़ और सुरक्षित ट्रेनों, बेहतर आधारभूत संरचना तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वंदे भारत जैसी सेमी-हाई स्पीड ट्रेनों का संचालन, रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण, डिजिटल टिकटिंग, स्टेशन पुनर्विकास और माल परिवहन में सुधार इस प्रगति के सशक्त उदाहरण हैं। साथ ही, सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने, स्वच्छता बढ़ाने और पर्यावरण के अनुकूल पहलें अपनाने से रेलवे देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभा रही है। निरंतर नवाचार और योजनाबद्ध विकास के साथ भारतीय रेल भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को सशक्त बना रही है। पाठकों को जानकारी देता चलूं कि भारतीय रेल केवल यात्री परिवहन ही नहीं, बल्कि माल ढुलाई में भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। दूसरे शब्दों में कहें तो माल ढुलाई के माध्यम से उद्योग, कृषि और व्यापार को गति देती है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 से रेल बजट को केंद्रीय बजट में सम्मिलित कर दिया गया है तथा भारतीय रेल निरंतर विद्युतीकरण, डिजिटलीकरण और हरित ऊर्जा की दिशा में कार्य कर रही है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्तमान में भारतीय रेल का ब्रॉडगेज नेटवर्क लगभग 99 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकृत हो चुका है और जानकारी के अनुसार सरकार का लक्ष्य इस साल यानी कि 2026 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा करना है, जिससे डीज़ल पर निर्भरता लगभग समाप्त हो जाएगी।

डिजिटलीकरण के क्षेत्र में ई-टिकटिंग, यूटीएस(जनरल टिकट हेतु) मोबाइल ऐप, क्यूआर/यूपीआइ आधारित भुगतान, हैंड-हेल्ड टिकट जांच प्रणाली और केंद्रीकृत ट्रैफिक कंट्रोल जैसी व्यवस्थाएँ लागू की जा चुकी हैं, जिससे टिकट बुकिंग क्षमता एक मिनट में 30 हजार से अधिक टिकट तक पहुँच गई है और संचालन अधिक पारदर्शी व कुशल हुआ है। वहीं हरित ऊर्जा की दिशा में भारतीय रेल ने अब तक लगभग 800 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा और 90 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की है, साथ ही 1600 मेगावाट राउंड-द-क्लॉक नवीकरणीय ऊर्जा के समझौते किए गए हैं। देशभर में 2600 से अधिक रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा से संचालित हो रहे हैं। इन प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल ने 2030 तक नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जो इसे न केवल विश्व की सबसे बड़ी रेल प्रणालियों में, बल्कि सबसे हरित रेल नेटवर्कों में भी शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पाठकों को जानकर आश्चर्य होगा कि एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क होने के कारण भारतीय रेल प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती यात्रा सुविधा प्रदान करती है।सच तो यह है कि भारतीय रेल आज केवल लोगों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने का साधन नहीं रही, बल्कि देश में बदलाव और विकास की एक मजबूत शक्ति बन चुकी है। हाल के वर्षों में इसके कामकाज और सोच दोनों में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। अब रेलवे खुद को नई जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुसार नए रूप में ढाल रही है। सबसे पहले यदि हम यहां पर आधुनिक ट्रेनों की बात करें, तो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का जल्द शुरू होना और वर्ष 2027 तक बुलेट ट्रेन परियोजना का प्रस्ताव यह दिखाता है कि भारत तेज, सुरक्षित और आरामदायक रेल यात्रा की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

इसके साथ ही रेलवे ने देश के उन इलाकों तक भी अपनी पहुंच बनाई है, जो पहले बहुत दूर(रिमोट एरिया) और दुर्गम माने जाते थे। पिछले वर्ष कश्मीर घाटी और मिजोरम की राजधानी आइजोल को रेल नेटवर्क से जोड़ा गया। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी को शेष भारत से जोड़ने वाली उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना सामरिक और विकासात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब ब्रिज भी शामिल है। निश्चित ही इस परियोजना के पूर्ण होने से घाटी में आवागमन, पर्यटन, व्यापार और रोजगार को नई गति मिली है।वहीं पूर्वोत्तर भारत में मिजोरम की राजधानी आइजोल को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भैरबीङ्कसैरांग (आइजोल) नई रेलवे लाइन पर कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह परियोजना पहाड़ी और कठिन भू-भाग में रेल कनेक्टिविटी स्थापित कर मिजोरम को देश के रेल मानचित्र पर सशक्त रूप से जोड़ रही है, जिससे क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो इससे इन क्षेत्रों का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से बेहतर हुआ है और वहां के लोगों के लिए शिक्षा, रोजगार और व्यापार के नए अवसर खुले हैं। इतना ही नहीं,भारतीय रेल ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। समुद्र के ऊपर बना देश का पहला ऊर्ध्वाधर लिफ्ट रेलवे पुल पंबन पुल इसका एक बड़ा उदाहरण है। जानकारी के अनुसार यह पुल पाक जलडमरूमध्य पर बना है और रामेश्वरम को दक्षिण भारत की मुख्य भूमि से जोड़ता है। वहीं पश्चिम भारत में समर्पित माल ढुलाई गलियारे के तहत वैतरणा से जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह तक 102 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन पर पहली मालगाड़ी चलाई गई, जिससे माल ढुलाई को तेज और सस्ता बनाने में मदद मिलेगी। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि इन उपलब्धियों के साथ-साथ रेलवे के सामने कई गंभीर चुनौतियां भी हैं। आज देशभर में यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, खासकर त्योहारों और विशेष अवसरों पर। ऐसे समय में विशेष ट्रेनें तो चलाई जाती हैं, लेकिन स्टेशनों पर अत्यधिक भीड़ के कारण अव्यवस्था और हादसों का खतरा बना रहता है। पिछले वर्ष नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ जैसी घटना यह बताती है कि यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने की जरूरत है। आज स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने के लिए 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, लेकिन यह काम अभी तय लक्ष्यों से पीछे चल रहा है।

इसी तरह सुरक्षा के लिए शुरू की गई 'कवच' जैसी आधुनिक तकनीकें अभी पूरे रेल नेटवर्क पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाई हैं, जबकि यात्रियों की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। गौरतलब है कि कवच भारतीय रेल की एक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली है, जिसका उद्देश्य ट्रेनों की टक्कर रोकना, सिग्नल उल्लंघन और ओवर-स्पीडिंग जैसी घटनाओं से बचाव करना है। यदि लोको पायलट किसी सिग्नल को नजरअंदाज कर देता है या ट्रेन तय गति से अधिक चलती है, तो कवच स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन को नियंत्रित करता है। रेडियो, जीपीएस और कंप्यूटर तकनीक पर आधारित यह प्रणाली घने कोहरे और खराब दृश्यता में भी सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करती है तथा यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत बनाती है। हाल फिलहाल, यहां कहना चाहूंगा कि माल ढुलाई भारतीय रेल की आर्थिक रीढ़ है। रेलवे की कुल आय का लगभग 65 प्रतिशत हिस्सा माल ढुलाई से आता है, फिर भी कुल परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी केवल 27 प्रतिशत ही है, जबकि सड़क परिवहन का हिस्सा कहीं अधिक है।

**-सुनील कुमार महला**

## नर्म हिंदुत्व, आरएसएस विरोध और कांग्रेस की पहचान का संकट

वह कांग्रेस के वरिष्ठतम नेताओं में से एक हैं। इसके बावजूद वह समय-समय पर खुद को और अपनी पार्टी को वैचारिक विवादों में उलझा देते हैं। इससे यही संकेत निकलता है कि कांग्रेस की अपनी वैचारिक खोज की यात्रा निरंतर जारी है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सदस्य (उनका कार्यकाल इस वर्ष के अंत में समाप्त हो रहा है) दिग्विजय सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के केंद्रीय नियंत्रण और पुरस्कृत करने के ढांचे की जो तारीफ की है उसने कांग्रेस में एक बार फिर हलचल पैदा की है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें युवा नरेंद्र मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के चरणों में बैठे हुए हैं। सिंह ने लिखा कि यह तस्वीर बहुत प्रभावशाली है और भाजपा-आरएसएस जमीनी कार्यकर्ताओं को संगठन के भीतर मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री जैसे वरिष्ठ पद तक पहुंचने का अवसर देते हैं। उनकी एक अन्य पोस्ट जिसे भाजपा समर्थकों ने उद्धृत किया उसमें कहा जा रहा है कि उन्होंने सीधे पार्टी नेता राहुल गांधी को संबोधित करते हुए लिखा, 'जिस तरह ईसीआईएसवीईईपी (चुनाव आयोग के एक कार्यक्रम) को सुधारों की जरूरत है उसी प्रकार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भीज हमें अधिक व्यावहारिक और विकेंद्रीकृत प्रणाली की जरूरत है।'

पार्टी के कुछ सदस्यों का कहना है कि वास्तव में दिग्विजय सिंह का सवाल यह है कि आखिर कांग्रेस, भाजपा जैसी क्यों नहीं बन सकती? वर्ष2018 के मध्य प्रदेश विधान सभा चुनावों के पहले उन्होंने पैदल नर्मदा परिक्रमा शुरू की थी। 2023 के विधान सभा चुनाव के पहले उन्होंने भगवा धारण कर दतिया की पीतांबर पीठ में पूजा अर्चना की। इसके पहले वह 35 किलोमीटर लंबी कांवड़ यात्रा में शामिल हुए जो जबलपुर के ग्वारीघाट से शुरू हुई और कैलाश धाम तक चली। यात्रा में एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए और दिग्विजय सिंह को नंगे पैर चलते देखा गया। उन्होंने कुछ देर कांवड़ भी उठाई। ये वही दिग्विजय सिंह हैं जिन्होंने 2010 में कांग्रेस के बुराड़ी अधिवेशन में भाजपा और आरएसएस जैसी 'फासीवादी ताकतों' पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था, 'आरएसएस अपनी राष्ट्रवादी विचारधारा की ओट में मुसलमानों को उसी तरह निशाना बना रहा है जिस तरह 1930 के दशक में नाज़ियों ने यहूदियों को बनाया था।' उन्होंने कहा था कि आरएसएस नई पीढ़ी के मन में मुस्लिम विरोध वाली नफरत के बीज बो रहा है और यह सबसे बड़ा खतरा है।

**-धनंजय राजौरा**

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला, लैटिन अमेरिका में वामपंथियों के प्रभाव को नेस्त-नाबूद करने का प्रयास

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का एक नया किंतु और अलोकतांत्रिक कदम है। इस हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ 195 देशों का मौन बहुत ही आश्चर्यजनक एवं चिंतनीय है। अमेरिकी दादागिरी अपने चरम पर पहुंच चुकी है अमेरिका ने वेनेजुएला लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और विगत 12 वर्षों से लगातार शासन कर रहे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आधिकारिक निवास से पत्नी सहित अगवा कर अमेरिका ले जाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर आरोप लगाकर उन पर आक्रमण किया तथा उनका अपहरण कर उन्हें अमेरिका शिफ्ट किया गया तानाशाही का आरोप तो डोनाल्ड ट्रंप लगाया जा रहा है किंतु यह कहावत सत्य है कि समरथ को नहीं दोस् गोसाई यानी समर्थ व्यक्ति का हर कार्य सही मान लिया जाता है।

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किया गया ताज़ा सैन्य आक्रमण केवल एक देश पर हमला नहीं बल्कि इक्कीसवीं सदी की ऊर्जा राजनीति, वामपंथ बनाम नव-साम्राज्यवाद, और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बीच टकराव का प्रतीक बनकर सामने आया है, जब अमेरिकी नेतृत्व ने यह दावा किया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाया गया है, यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब वेनेजुएला की वामपंथी सरकार ने अपने विशाल पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, सोने और प्राकृतिक गैस भंडारों पर राष्ट्रीय संप्रभुता को और सख़्ती से लागू करते हुए अमेरिकी और पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रत्यक्ष उपयोग से बाहर रखने के निर्णय को दोहराया था, माना जा रहा है कि इसी निर्णय ने वॉशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया और डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी सत्ता-तंत्र ने इसे लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप का औचित्य बना लिया, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह हस्तक्षेप वस्तुतः ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की पुनर्स्थापना की कोशिश है, इस हमले के बाद अर्जेंटीना की नई राजनीतिक दिशा ने खुलकर अमेरिका का समर्थन किया है और ब्यूनस आयर्स से जारी बयानों में इसे वेनेजुएला में लोकतांत्रिक संक्रमण की दिशा में आवश्यक कदम बताया गया, साथ ही यह कयास तेज़ हो गए हैं कि विपक्षी नेता कोरिना माचाडो को अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ सत्ता में स्थापित करने की कोशिशें तेज़ होंगी, हालांकि वेनेजुएला के भीतर इसे तख्तापलट की साज़िश बताया जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम से चीन को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है क्योंकि वेनेजुएला बीते वर्षों में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल, दीर्घकालिक तेल आपूर्ति समझौतों और ऋण-तेल विनिमय व्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अमेरिकी हस्तक्षेप से न केवल इन परियोजनाओं पर अनिश्चितता छा गई है बल्कि लैटिन अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की खुली कोशिश भी दिखाई दे रही है, इसी क्रम में रूस, चीन और उत्तर कोरिया ने संयुक्त और अलग-अलग बयानों में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है, रूस ने विशेष रूप से इसे संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में बलपूर्वक हस्तक्षेप करार दिया और संकेत दिए कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है, उधर पूर्वी यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भी नई तीव्रता पकड़ ली है और ताज़ा रिपोर्टों के अनुसार रूसी सैन्य कार्रवाइयों में वृद्धि को कई विश्लेषक पश्चिमी दबाव और वेनेजुएला प्रकरण के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं चीन के संदर्भ में ताइवान को लेकर बयानबाज़ी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी ने यह संकेत दिया है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भी तनाव का स्तर बढ़ रहा है, हालांकि बीजिंग ने आधिकारिक रूप से किसी तात्कालिक आक्रमण की घोषणा नहीं की है लेकिन यह स्पष्ट किया है कि ताइवान उसका आंतरिक विषय है और बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह वेनेजुएला पर हमला एक अकेली घटना न रहकर वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनर्संयोजन का हिस्सा बनता जा रहा है।

जहां अमेरिका अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त बनाए रखना चाहता है जबकि रूस और चीन बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करते हुए अमेरिकी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, लैटिन अमेरिका के कई देशों में इस घटनाक्रम को लेकर मतभेद उभर आए हैं, कुछ सरकारें अमेरिका के पक्ष में खड़ी दिखती हैं तो कई राष्ट्र इसे अपने लिए चेतावनी मानते हुए क्षेत्रीय संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप की नीति पर ज़ोर दे रहे हैं, ऊर्जा बाज़ारों पर भी इसका असर दिखने लगा है जहां कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंता बढ़ी है, वेनेजुएला जो विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक का स्वामी है, लंबे समय से प्रतिबंधों और आंतरिक संकटों से जूझ रहा था, अब सैन्य हस्तक्षेप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, मानवाधिकार संगठनों ने भी आशंका जताई है कि इस संघर्ष का सबसे बड़ा भार आम नागरिकों पर पड़ेगा, जबकि अमेरिका का दावा है कि उसकी कार्रवाई का उद्देश्य लोकतंत्र और स्थिरता बहाल करना है, आलोचक इसे चयनात्मक नैतिकता बताते हैं क्योंकि समान परिस्थितियों में अन्य देशों के प्रति ऐसा रुख नहीं अपनाया गया, कुल मिलाकर वेनेजुएला संकट आज केवल कराकस या वॉशिंगटन तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मास्को, बीजिंग, ब्यूनस आयर्स, ताइपे और ब्रसेल्स तक फैली रणनीतिक गणनाओं को प्रभावित कर रहा है और यह संकेत दे रहा है कि आने वाले समय में विश्व राजनीति अधिक टकरावपूर्ण, संसाधन-केंद्रित और शक्ति-प्रदर्शन प्रधान होती जाएगी, जहां ऊर्जा, विचारधारा और सैन्य क्षमता तीनों मिलकर नए विश्व क्रम की दिशा तय करेंगे।

**-संजीव ठाकुर**

# अजेय महिलाः संस्कृति से पोषित, स्वतंत्रता से प्रज्वलित

आज का समय परिवर्तन की दहलीज़ पर खड़ा है, जहां परंपरा की जड़ें गहरी हैं और आधुनिकता की हवाएं तीव्र। महिलाएं इसी द्वंद्व के केंद्र में खड़ी हैं, अपने लिए दिशा तय करती हुई। एक तरफ पारिवारिक रूढ़ियां, सांस्कृतिक बंधन, तो दूसरी तरफ स्वतंत्रता की आकांक्षा और करियर की उड़ान। यह संघर्ष केवल टकराव नहीं, बल्कि चेतना की परख है, जहां महिलाएं चुनौती ही नहीं दे रहीं, बल्कि नया इतिहास गढ़ रही हैं। परंपरा उन्हें जड़ों से बांधती है, जबकि आधुनिकता पंख देती है। प्रश्न यही है कि क्या वे दोनों को संतुलित कर पा रही हैं? या फिर चुनाव में खो रही हैं अपनी पहचान? आज की महिलाएं इस द्वंद्व को अवसर में ढाल रही हैं, आत्मबल से खुद को सशक्त बनाते हुए। वे न घर से विमुख हैं, न सपनों से समझौता कर रही हैं। यह उनकी निरंतर यात्रा है, जहां प्रत्येक कदम बदलाव की घोषणा है।

परंपरा की छाया में महिलाओं की भूमिका सदियों से निर्धारित रही है। घर की चारदीवारी, विवाह और संतान पालन ही उनके जीवन की परिधि मानी गई। भारतीय समाज में विशेष रूप से सतीत्व, समर्पण और त्याग को आदर्श बनाकर प्रस्तुत किया गया। सीता से रानी लक्ष्मीबाई तक, परंपरा ने महिलाओं को देवी का स्थान तो दिया, पर सीमाओं में बांधे रखा। आधुनिकता ने इसी दायरे को चुनौती दी। शिक्षा की रोशनी, रोजगार की स्वतंत्रता और वैश्विक सोच ने उन्हें नई दिशा दिखाई। आज की महिलाएं परंपरा का सम्मान करती हैं, पर उसे बंधन स्वीकार नहीं करतीं। वे पर्व-त्योहार भी निभाती हैं और करियर की सीढ़ियां भी चढ़ती हैं। यही संतुलन उनकी वास्तविक शक्ति है, जहां पुरानी रीतियां नए अर्थ ग्रहण कर रही हैं। पारिवारिक दायित्वों के साथ वे कॉर्पोरेट दुनिया में अपनी पहचान बना रही हैं। यह किसी एक का चयन नहीं, बल्कि सामंजस्य की सशक्त मिसाल है।

आधुनिकता की लहर ने महिलाओं को वैश्विक मंच प्रदान किया है। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और ऑनलाइन शिक्षा ने दूरियों को मिटा दिया। अब वे घर बैठे दुनिया से जुड़ रही हैं। कहीं उद्यमी बनकर स्टार्टअप चला रही हैं, तो कहीं राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। हालांकि यह राह सरल नहीं है। समाज की दृष्टि आज भी कठोर है। देर रात काम करने पर सवाल उठते हैं, और घर से बाहर कदम रखने पर संस्कृति की दुहाई दी जाती है। इसके बावजूद वे निरंतर आगे बढ़ रही हैं। इंद्रा नूयी से प्रियंका चोपड़ा तक, ये उदाहरण परंपरा को नई चुनौती देते हैं। वे साड़ी में बोर्डरूम जाती हैं और जींस में मंदिर। यही द्वंद्व उनकी पहचान है, जहां वे न झुकती हैं, न बिखरती हैं।

चुनौतियां हर कदम पर मौजूद हैं। परिवार की अपेक्षाएं, विवाह का दबाव और मातृत्व की जिम्मेदारियां परंपरा की कठोर कसौटियां हैं। आधुनिकता स्वतंत्रता का संदेश देती है, लेकिन समाज अनुकूलन की शर्त रखता है। अनेक महिलाएं इसी द्वंद्व में उलझकर मानसिक दबाव का सामना करती हैं। किंतु नई पीढ़ी का दृष्टिकोण अलग है। वे काउंसलिंग अपनाती हैं, नेटवर्क मजबूत करती हैं और सपोर्ट ग्रुप्स से जुड़ती हैं। वे परंपरा को नए अर्थ दे रही हैं, जहां विवाह विकल्प है, बंधन नहीं। करियर और घर के बीच संतुलन बनाते हुए वे नई परिभाषाएं रच रही हैं। यही उनकी उपलब्धि है, जहां बिना अपराधबोध वे स्वयं को प्राथमिकता दे रही हैं।

उदाहरण प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। किरण मजूमदार-शॉ ने परंपरागत सीमाओं को तोड़कर विज्ञान और उद्योग में पहचान बनाई। उनका संदेश स्पष्ट है कि सम्मान के साथ प्रगति भी आवश्यक है। मलाला यूसुफजई ने हिंसा के बाद भी शिक्षा की मशाल थामे रखी। भारतीय परिप्रेक्ष्य में पी.वी. सिंधु ने खेल के क्षेत्र में उन धारणाओं को चुनौती दी, जहां लड़कियों की भूमिका सीमित मानी जाती थी। आज की महिलाएं इनसे सीख लेकर आगे बढ़ रही हैं। वे गांवों से निकलकर प्रशासनिक सेवाओं में पहुंच रही हैं और तकनीकी स्टार्टअप्स का नेतृत्व कर रही हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से परंपरा को आधुनिक रंग दे रही हैं, जैसे पारंपरिक व्यंजनों को वैश्विक पहचान दिलाना। यह उनका निर्णय है, जहां वे इतिहास को दोहराने के बजाय नया रचती हैं।

महिलाएं अब संतुलन की कला साध रही हैं। परंपरा का पूर्ण त्याग उचित नहीं, क्योंकि वही संस्कृति की आधारशिला है। वहीं आधुनिकता को बिना सोचे अपनाना भी जोखिमपूर्ण है। इसलिए वे मिश्रित मार्ग चुन रही हैं। वर्क फ्रॉम होम ने इस संतुलन को सहज बनाया है, जहां घरेलू दायित्वों के साथ पेशेवर जीवन आगे बढ़ रहा है। योग और ध्यान से परंपरा जुड़ती है, जबकि डिजिटल ऐप्स से जीवन प्रबंधन होता है। परिवारों में संवाद बढ़ा है, जहां पति और सास-ससुर का सहयोग भी दिखने लगा है। यह परिवर्तन धीमा जरूर है, पर स्थायी है। महिलाएं अब अपनी बेटियों के लिए आदर्श बन रही हैं। वे सिखा रही हैं कि परंपरा का सम्मान करो, लेकिन आधुनिकता से भय मत खाओ। यही संतुलन उनकी असली शक्ति है।

समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पुरुषों को भी सोच में बदलाव लाना होगा, ताकि महिलाएं बिना किसी बोझ के निर्णय ले सकें। महिला आरक्षण जैसे कानून सहायक हैं, पर वास्तविक परिवर्तन जमीनी स्तर पर आवश्यक है। इसकी शुरुआत शिक्षा से होनी चाहिए, जहां लड़कियां परंपरा और आधुनिकता दोनों को समझें। एनजीओ और सरकारी योजनाएं इस दिशा में सक्रिय हैं। फिर भी महिलाएं स्वयं नेतृत्व कर रही हैं। वे मतदान कर रही हैं, सवाल उठा रही हैं और परिवर्तन को गति दे रही हैं। जलवायु परिवर्तन से लेकर राजनीति तक, हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ रही है। परंपरा उन्हें धैर्य सिखाती है, आधुनिकता उन्हें साहस देती है। दोनों का मेल उन्हें अजेय बनाता है। यह उनका समय है, जहां वे केवल जी नहीं रहीं, बल्कि आगे बढ़ रही हैं। भविष्य आशाजनक दिखाई देता है। तकनीक ने महिलाओं को और सशक्त बनाया है। एआई और वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से वे घर से ही दुनिया को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि चुनौतियां अब भी मौजूद हैं, जैसे जेंडर पे गैप और घरेलू हिंसा।

**-कृति आरके जैन**

# मृत्यु के बाद भी अमर हुई मानवताः राजकीय सम्मान के साथ दी गई विदाई




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मानवता की सेवा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आज देवास का अमलतास मेडिकल कॉलेज एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। सेवाधाम आश्रम (अंकितग्राम) में निवासरत श्री प्रदीप वाडे (65 वर्ष) एवं श्रीमती रमा जी त्रेहान का देहदान संकल्प रविवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ पूर्ण हुआ।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार, देहदानियों को सर्वोच्च सम्मान देने के लिए अमलतास मेडिकल कॉलेज परिसर में पुलिस विभाग की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस भावुक क्षण के दौरान वहां उपस्थित पुलिस बल, कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पीठवा. श्री देवेंद्र दुबे, मेडिकल छात्र, डॉक्टर्स और परिजनों ने नम आंखों से इन महान आत्माओं को अंतिम विदाई दी।

यह पुनीत कार्य सेवाधाम आश्रम, ग्राम अम्बोदिया (उज्जैन) के संस्थापक श्री सुधीर भाई गोयल एवं मुस्कान ग्रुप के ट्रस्टी श्री संदीपन आर्य जी के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ। गोयल जी ने बताया कि आयुष विभाग के निर्देशों और मृतकों की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए यह देहदान किया गया है। उन्होंने कहा, ÷यह देहदान न केवल चिकित्सा जगत के शोध में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि भविष्य के डॉक्टरों को मानव शरीर की जटिलताओं को समझने में भी मदद करेगा।

देहदान अधिकारी, श्री गजानंद चौहान, ने देहदान की प्रक्रिया की जानकारी दी और इसे संपन्न कराया। साथ ही अस्पताल प्रबंधक डॉ. मनीष शर्मा का इस पूरी प्रक्रिया में विशेष योगदान रहा। अमलतास वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन महोदय ने श्री सुधीर भाई गोयल जी एवं मुस्कान ग्रुप के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे महान कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपनी देह दान करता है, तो वह समाज को जीवन देने वाले नए डॉक्टरों के निर्माण में अपना सर्वोच्च योगदान देता है।

# नो एंट्री में घुसा ट्रक, लगा लंबा जाम



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के शहरी हाईवे पर रविवार दोपहर नियमों की अनदेखी के चलते यातायात की स्थिति बिगड़ गई। दोपहर करीब 3 बजे नो-एंट्री के बावजूद शहर में घुसे बड़े ट्रकों ने ट्रैफिक व्यवस्था को ठप कर दिया। श्मशान घाट के सामने एक ट्रक के गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में खड़े हो जाने की वजह से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

जाम उस वक्त लगा जब श्मशान घाट के सामने से एक अंतिम यात्रा निकल रही थी। ट्रक के गलत तरीके से खड़े होने और शवयात्रा की वजह से हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। इस दौरान स्कूली बसें, दोपहिया और चार पहिया वाहन करीब 15 से 20 मिनट तक फंसे रहे। शोर के बीच राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया रास्ता

मौके पर मौजूद लोगों ने जब स्थिति को बेकाबू होते देखा तो तुरंत इसकी जानकारी यातायात पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और सबसे पहले गलत खड़े ट्रक को सड़क से हटवाकर किनारे करवाया। पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका और लोगों को जाम से राहत मिली।

होगी सख्त कार्रवाई- शहर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी (नो-एंट्री) है, फिर भी अक्सर बड़े ट्रक नियमों को ताक पर रखकर शहरी सीमा में घुस रहे हैं। इस मामले में यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला का कहना है कि नो-एंट्री का उल्लंघन करने वाले ड्राइवरों पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि ट्रक चालकों को समझाइश दी जा रही है, लेकिन जो नियमों को नहीं मानेंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

# देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री ऋतुराज सिंह ने जन सामान्य के हित/जानमाल की सुरक्षा तथा लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1)(2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देवास जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के धारदार या अन्य हथियार, आग्नेय शस्त्र, हॉकी, डण्डा, रॉड इत्यादि लेकर नहीं चलेगा अथवा दुरूपयोग नहीं करेगा और न ही प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना किसी भी स्थान पर सभा, धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली, सार्वजनिक कार्यक्रम आदि का आयोजन नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य पक्ष सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना डी.जे./ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग नहीं करेगा। प्रत्येक को म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 तथा The Noise Pollution (Regulation and Control) Rule 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) नियम, 2010 के प्रावधानों का पूर्ण पालन करना आवश्यक होगा। कोई व्यक्ति संस्था, समूह या अन्य कोई भी धरना, जुलूस, प्रदर्शन, सभा या रैली आदि में एसिड, पेट्रोल, केरोसिन आदि ज्वलनशील पदार्थ अपने पास नहीं रखेगा या लेकर नहीं चलेगा या उपयोग नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति संस्था समूह या अन्य किसी भी स्थान पर किसी भी प्रयोजन हेतु सक्षम अधिकारी की अनुमति बिना टेंट, पांडाल आदि का स्थाई या अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष किसी भी सड़क, रोड, रास्ता हाईवे, आदि पर एकत्रित होकर यातायात में व्यवधान नहीं करेंगे या किसी अन्य प्रकार से कोई रुकावट उत्पन्न नही करेंगे या किसी व्यक्ति को आने जाने एवं उसके कार्य करने से नहीं रोकेंगे।

# सर्दी से बाहर नही आ रहा 2026, लगातार दूसरे दिन भी रहा सीवियर कोल्ड-डे, 18 घंटे कोहरे से ढंका रहा शहर



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नए साल के चौथे दिन भी मौसम ने लोगों को कंपकंपा दिया और पूरे शहर ने 18 घंटे तक कोहरे की चादर ओढ़े रखी। हालांकि दोपहर बाद मामूली धूप खिलने से कोहरा तो छंट गया, लेकिन इसके बाद भी सर्द हवाओं के चलते लोगों को सर्दी से राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग द्वारा आज से सर्दी से राहत मिलने की संभावना जताई है।

2025 के आखरी दिन ही तापमान में बढ़ोत्तरी हुई थी। इसके बाद अगले ही दिन सर्दी ने पलटवार करना शुरू कर दिया और नए साल की पहली रात से ही सर्दी का असर लोगों पर दिखने लगा था। इसके बाद से पिछले तीन दिनों से सर्दी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित किया हुआ है। कोहरे के चलते पिछले तीन दिनों से लोगों का बुरा हाल हो रहा है। न हाईवे पर वाहन चल पा रहे हैं और न ही पटरी पर ट्रेनों की गति बढ़ पा रही है। वहीं लोगों को भी पूरे दिन अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि रविवार का दिन भी सीवियर कोल्ड डे रहा। संभावना है कि सोमवार से मौसम खुल सकता है और सर्दी से राहत मिल सकती है।

लगातार दूसरे दिन झेला सीवियर कोल्ड डे, 20 से कम हुआ तापमान- सर्दी के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नए साल के पहले शनिवार के बाद रविवार को भी सीवियर कोल्ड डे का सामना नगर वासियों को करना पड़ा। इस दिन तापमान 20 डिग्री से घटकर 18.8 डिग्री दर्ज किया गया। तो रात का तापमान भी 9.7 डिग्री दर्ज किया गया। तो सर्द हवाओं की गति भी 15 से बढ़कर 16 किमी प्रति घंटा पहुंच गई, जिसने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। यही वजह थी कि लोग दिनभर अलाव के सामने बैठे रहे।

रात से हो रही कोहरे की बारिश- शनिवार को दिनभर कोहरा छाने के बाद शाम को कुछ देर के लिए कोहरा छंटा था। लेकिन रात 8 बजे से फिर पूरा शहर कोहरे में समाता गया। देखते ही देखते विजिबिलिटी भी कम हो गई। जिसके चलते लोगों ने अपने घर से निकलने से भी परहेज किया। रात 12 बजे हालात ये थे कि 5 फीट दूरी पर भी दिखाई देना बंद हो गया था। कोहरे के कारण ट्रेनो की गति भी काफी धीमी हो गई। तो हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी रेंगते हुए अपने वाहन चलाना पड़े।

## कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि अधिकारियों द्वारा खेतों पर जाकर फसलों का किया निरीक्षण



**अशोक नगर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुंगावली विकासखंड के ग्राम चिरोली एवं ग्राम सेहराई के कुछ कृषकों के द्वारा गेहूं एवं मसूर में पीलेपन की समस्?या के बारे में अवगत कराया गया था। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बी एस गुप्ता,वैज्ञानिक डॉ के के यादव कृषि विभाग के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक डॉ बैजनाथ सिंह यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री प्रदीप कुमार गर्ग, कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री वंदना अलावे एवं राजेंद्र भूरिया जी के साथ डायग्नोस्टिक टीम ने उक्त ग्रामों का भ्रमण कर कृषकों से संपर्क किया एवं उनके खेतों पर जाकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पाया गया कि गेहूं में कुछ जगहों पर जड़ माहू देखने को मिला। कुछ जगहों पर पोषक तत्व कमी के वजह से फसलों की बढ़वार रुकी हुई है और पीलापन है। मसूर की फसल में कॉलर रॉट एवं फ्यूजेरियम विल्ट, जड़ सड़न जैसे रोग देखने को मिले ।मसूर में रोगों को रोकने के लिए आवश्यक फफूद नाशक की सलाह दी। जिसमें थिओफिनेट मिथाइल 3 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में डालकर स्प्रे करने की करने की सलाह दी। गेहूं मे थियोमेथैक्सोम और लेम्बडासाइहेलोथ्रियन का कॉम्बिनेशन ढाई सौ एमएल प्रति हेक्टेयर छिड़काव की सलाह दी। जड़ माहू में थायोमेथॉक्सम 250 ग्राम प्रति हेक्टर के हिसाब से स्प्रे करने की सलाह दी। साथ ही जिन खेतों में पोषक तत्व प्रबंधन की समस्या देखी। वहां पर सूक्ष्म पोषक तत्वों को यूरिया के साथ सिंचाई के साथ देने की सलाह दी गई। टीम के द्वारा करीब 5 - 6 कृषकों के खेतों का भ्रमण किया गया। जिसमें श्री शैलेंद्र चौहान , श्री अभय सिंघई, श्री कोमल कुशवाहा, श्री शिशुपाल सिंह यादव एवं श्रीमती धनवाई के खेत का भ्रमण भी वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियो की टीम के द्वारा किया गया। फसलों में आ रही अन्य समस्याओं एवं कृषकों की जिज्ञासा का समाधान किया।

# विनोद जायसवाल लगातार चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सर्ववर्गीय जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट की साधारण सभा समाज की निर्माणाधीन धर्मशाला पर संपन्न हुई। साधारण सभा का शुभारंभ भगवान श्री राज राजेश्वर सहत्रबाहु के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया। स्वागत भाषण मनीष जायसवाल ने दिया। ट्रस्ट के तीन वर्षो का लेखा जोखा सचिव सुरेश जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। ट्रस्ट के नियमानुसार तीन वर्ष में चुनाव की प्रक्रिया में हजारीलाल जायसवाल उदयनगर ने अध्यक्ष के लिये विनोद जायसवाल के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका नरेन्द्र जायसवाल ने समर्थन किया जिस पर सभी ट्रस्टियों ने हाथ उठाकर अपनी सहमती व्यक्त की। विनोद जायसवाल ने ट्रस्टियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से मेरी कार्यकारिणी ने विगत 3 वर्षो में 20 हजार स्क्वेयर फीट का निर्माण कार्य करवाया एवं 82 नए ट्रस्टियों को ट्रस्ट की सदस्यता दिलवाई। आगामी 6 माह में धर्मशाला को प्रारंभ करने का प्रयास करूंगा एवं संपूर्ण निर्माण सिंहस्थ के पूर्व पूर्ण करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव जायसवाल, उपस्थित रहे एवं अपने सम्बोधन में युवाओं से समाज कार्य में अग्रसर होने का आव्हान किया। साधारण सभा में नए सदस्यों ने ट्रस्टी बनने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद अलीराजपुर, राजेन्द्र जायसवाल सोनकच्छ, हरिओम शिवहरे इंदौर, अशोक जायसवाल इंदौर, कुंदनलाल जायसवाल, मदनलाल जायसवाल बैरागढ़, मनरेश जायसवाल ओंकारेश्वर, सुभाष जायसवाल इंदौर, योगेन्द्र जायसवाल इंदौर अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# गौरक्षकों ने किया गोवंश तस्करी का प्रयास विफल

## दुकराना जोड़ बाईपास पर वाहन पलटा, एक आरोपी गिरफ्तार



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गासैरक्षकों ने अपनी सजगता से गोवंश तस्करी का एक प्रयास विफल कर दिया गया। दुकराना बाईपास पर गौसेवकों की सूचना पर पुलिस ने गोवंश से भरे एक लोडिंग वाहन को पकड़ा। वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जबकि एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

शनिवार रात को गौसेवकों को सूचना मिली थी कि सारंगपुर की ओर से एक सफेद रंग की टाटा छोटी कंटेनर गाड़ी में गोवंश (बछड़े) को ठूंस-ठूंसकर भरकर वध के लिए महाराष्ट्र ले जाया जा रहा है। गौसेवक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही गौसेवक वहां पहुंचे और निगरानी करने लगे। सारंगपुर की ओर से आते वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, जिसमें एक गौसेवक घायल भी हो गया। पुलिस ने आरोपी मोहित और उसके फरार साथी चालक विशाल के खिलाफ मध्यप्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9 और मध्य प्रदेश पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम की धारा 11 (घ) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डाकपार्सल वाहन की आड़ में हो रही थी गौतस्करी- वाहन चालक ने गाड़ी को बायपास रोड स्थित बाईहेड़ा जोड़ शर्मा ढाबे के पास लहराकर पलट दिया। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। हालांकि कंडक्टर सीट पर बैठे एक व्यक्ति को गौसेवकों ने पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहित पिता प्रकाश सागोरे (22) निवासी गंजीखाना धार, हाल महक वाटिका रोबोट चौराहा इंदौर बताया। उसने अपने फरार साथी चालक का नाम विशाल निवासी इंदौर बताया। जो वाहन पलटा था उस पर डाक पार्सल लिखा हुआ था और उस पर ताला लगा हुआ था। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर का ताला तोड़ा। अंदर चार गोवंश (बछड़े) क्रूरतापूर्वक रस्सियों से बांधकर ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले। गौसेवकों और पुलिस ने बमुश्किल रस्सियां काटकर सभी चारों गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला। पलटे हुए वाहन को क्रेन की मदद से सीधा कर थाने लाया गया।

# गिरिराज महाराज की परिक्रमा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्ति के रंग में रंगा ब्रजधाम - भजनों के साथ



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री गोवर्धन महाराज महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहो छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज इन भक्तिपूर्ण भजनों के साथ जब मां चामुंडा-मां तुलजा भक्त मंडल के श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा पर निकले, तो पूरा ब्रज क्षेत्र भक्ति, उल्लास और आस्था से सराबोर हो उठा। झूमते भक्त, गूंजते भजन, ढोल-नगाड़ों की थाप और श्रद्धा से भरे जयकारों ने ऐसा वातावरण रचा मानो स्वयं गिरिराज महाराज भक्तों पर अपनी कृपा बरसा रहे हों।

देवास से पहुंचे 350 से अधिक श्रद्धालुओं ने सुबह 8.45 बजे बाबा की विधिवत आरती कर 21 किलोमीटर लंबी गिरिराज परिक्रमा का शुभारंभ किया। परिक्रमा में पुरुष श्रद्धालु श्वेत वस्त्र, पगड़ी और लाल जैकेट धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं लाल साड़ी, दुपट्टा और पगड़ी में अत्यंत दिव्य स्वरूप में नजर आईं। रथ पर विराजमान राधा-कृष्ण की तस्वीर के साथ बैंड-बाजे की धुनों ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

भक्त भजनों पर झूमते-नाचते हुए आगे बढ़ते रहे। थकान, दूरी और समय का कोई प्रभाव नहीं दिखा, क्योंकि श्रद्धा के आगे शरीर स्वयं नतमस्तक हो गया। परिक्रमा मार्ग में भक्तों ने गोमाता व वानरों को फल खिलाकर करुणा और सेवा भाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। गोविंद कुंड, पूंछरी का लौटा, जतिपुरा, राधाकुंड, कुसुम सरोवर, मानसी गंगा और दानघाटी जैसे पावन स्थलों पर दर्शन-पूजन करते हुए सायं लगभग 4 बजे परिक्रमा का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर भक्त मंडल के प्रमुख दुर्गेश अग्रवाल ने गिरिराज महाराज की महिमा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा

गिरिराज महाराज केवल पर्वत नहीं, बल्कि साक्षात देवस्वरूप हैं। शास्त्रों में उन्हें श्रीकृष्ण का ही स्वरूप माना गया है। जो श्रद्धालु सच्चे मन से उनकी परिक्रमा करता है, उसके जीवन के सारे कष्ट, दुख और बाधाएं स्वतः दूर हो जाती हैं। गिरिराज परिक्रमा आत्मशुद्धि, आत्मबल और ईश्वर से जुड़ने का श्रेष्ठ मार्ग है। हमारी यह यात्रा केवल परिक्रमा नहीं, बल्कि आत्मिक साधना है। पिछले 13 वर्षों से हमारा मंडल निरंतर यहां आ रहा है और हर वर्ष हमें नई ऊर्जा, नई शक्ति और नई चेतना की अनुभूति होती है। उन्होंने आगे कहा कि गिरिराज महाराज की कृपा से जीवन में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता का वास होता है। यही कारण है कि हर वर्ष सैकड़ों श्रद्धालु परिवार सहित इस पावन यात्रा में सम्मिलित होते हैं। इस दिव्य यात्रा में दुर्गेश अग्रवाल, रायसिंह सेंधव, राजीव खण्डेलवाल, विपुल अग्रवाल, मुकुल अग्रवाल, देवेन्द्र बंसल, मनोहर बिलावलिया, देवेन्द्र नवगोत्री, मुकेश सिंह चौहान, संजय शर्मा, कृष्णवल्लभ शर्मा, आलोक अग्रवाल, शुभम शर्मा, राकेश सोलंकी, सोहन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, ओमप्रकाश बंसल, सौरभ गोयल, अमित पंडित, राजेश गौड, रूद्रराज मकवाना, मधुसूदन अग्रवाल, उमेश चतुर्वेदी, दीपक गर्ग, शंकरसिंह राजपूत, सत्यनारायण पटेल, विक्रम परमार, अशोक अग्रवाल, रमेशचन्द्र मंगल सहित बडी संख्या मे श्रद्धालु सम्मिलित रहे। यह परिक्रमा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि यह संदेश भी दे गई कि जब मन में सच्ची श्रद्धा हो, तो गिरिराज महाराज स्वयं अपने भक्तों का हाथ थामकर उन्हें जीवन की हर कठिन राह से पार करा देते हैं।

# शाजापुर नगर में जल सप्लाई केंद्र व जल शुध्दिकरण केंद्र की जांच



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका के माध्यम से नगर में हो रहे जल सप्लाई केंद्र व जल शुध्दिकरण केंद्र की विशेष रूप से जांच की गई। नगर पालिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा नगर के रहवासी क्षेत्रों व वार्डो में बिछाई गई पाइपलाइनो व होने वाले जल सप्लाई की लाइनों की भी जांच की जा रही है। वहीं पीने के पानी के मानक की मीटर के माध्यम से जांच की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, जल सभापति प्रेम यादव एवं सीएमओ भूपेंद्र कुमार दीक्षित के नेतृत्व में नगर पालिका के दल ने नगर के वार्ड लक्ष्मी नगर में पाइप लाइन तथा वहां पर नलों में आने वाले पानी की जांच की। वहीं दल ने लोगों से कहा कि पाइपलाइन में गंदा पानी आ रहा है तो नगर पालिका में तत्काल बताएं एवं शिकायत करें, उनकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी मनीषा वास्कले ने भी शाजापुर मुख्यालय स्थित जल शुध्दिकरण केंद्र वाटर वर्क्स पहुंचकर उसका निरीक्षण किया। नगर पालिका शाजापुर सीएमओ ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि नगर में कहीं भी किसी भी प्रकार की जल संबंधित या अगर कोई अन्य समस्या हो तो वह सीधे उनसे फोन पर संपर्क कर सकते हैं और नगर पालिका में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका तत्काल निराकरण कराया जायेगा।

# महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर नववर्ष में माल्यार्पण किया

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 04जनवरी 2026 रविवार को सुबह 10 बजे मां कैलादेवी चौराहा स्थित अग्र कुल प्रवर्तक अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर नववर्ष के प्रथम रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र मोहन लाल गर्ग (नयापुरा) विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल द्वारा माल्यार्पण समाज के वरिष्ठ प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल, मोहनलाल अग्रवाल, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल हरदा, हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, महेश अग्रवाल, पवन गोयल, जगदीश प्रसाद गर्ग आदी।

# आध्यात्मिक एकाग्रता जीवन की संजीवनी - ब्रह्माकुमारी ऋतु बहनजी

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 03 जनवरी को घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय देवास में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ऋतु बहनजी द्वारा ध्यान और योग से एकाग्रता पर व्याख्यान दिया गया। नृत्यगुरु प्रफुल्ल सिंह गहलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि घुंघरू नृत्य संगीत महाविद्यालय में नृत्य शिक्षा के साथ आत्मिक बोध पर भी ध्यान देने हेतु यह व्याख्यान रखा गया था। ब्रह्माकुमारी ऋतु बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि आध्यात्मिक जागरण जब जीवन में उतरता है तो वह भीतर ऐसी शक्ति जगाता है जो हर बंधन, हर कमजोरी को पीछे छोड़ने का सामर्थ्य देती है। नृत्य शिक्षा के मार्ग पर तो यह आध्यात्मिक एकाग्रता संजीवनी की तरह कार्य करता है। जब व्यक्ति का मन शान्त, विचार शुभ और भावनाएं निर्मल होती हैं तो उसका चेहरा स्वाभाविक रूप से प्रसन्नता और आभा से दमकने लगता हैं। आत्मिक साधना से उत्पन्न यह सौन्दर्य स्थायी, सम्पूर्ण और वास्तविक हैं। समय का सदुपयोग करें, सोशल मीडिया पर कम समय और ज्ञानवर्धक कार्यो पर अधिक समय दें। नैतिकता और मूल्यों को जीवन में अपनाएं, सत्य,शान्ति, प्रेम, करुणा जैसे गुणों को बढ़ावा दें। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का दिव्य परिवार हमें यही अमूल्य शिक्षा देता है।

# कांग्रेस ने सलसलाई में मंत्री विजयवर्गीय का फुंका पुतला जमकर की नारेबाजी



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई नगर में ब्लॉक कांग्रेस सलसलाई के कार्यकर्ताओं ने इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौत के मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है रविवार को शाम 5 बजे ब्लॉक कांग्रेस द्वारा भाजपा नेता मंत्री कैलाश विजयवर्गी का पुतला दहन किया उनके खिलाफ नारेबाजी।

घंटा बजाते हुए कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया - सलसलाई बस स्टैंड स्थित कांग्रेस सभी कार्यकर्ता एकत्रित हुए एकत्रीकरण होकर बस स्टैंड पहुंचे जहां मंत्री विजयवर्गीय का घंटा बजाते हुए पुतला दहन किया गया इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता कड़ाके की ठंड में हाथ सेंकते हुए भी नजर आए।

मंत्री के इस्तीफे की रखीं मांग - ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवनारायण परमार ने भाजपा सरकार को गूंगी बहरी और निकम्मी सरकार करार दिया है उन्होंने आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव के गंभीर मामले पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं की भी बात कही कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दूषित पानी से कई लोगों की जान चली गई जिससे कई करो के चिराग बुझ गए उन्होंने इस घटना को दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सरकार से उन लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मामले की उच्च स्तरीय जांच दोषियों को सजा देने की गई मांग - कांग्रेस नेताओं ने घोषणा की करते हुए कहा की घटना के खिलाफ अपनी आवाज उठाते रहेंगे और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे उन्होंने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को सजा देने की भी मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने अभी आरोप लगाया कि इंदौर में जब कांग्रेस कार्यकर्ता न्याय की बात करते हैं तो पुलिस उन्हें गिरफ्तार करती है जबकि गिरफ्तारी उन लोगों की होनी चाहिए जिनकी लापरवाही से दूषित पानी के कारण लोगों की मौत हुई है।

पुतला दहन कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष शिवनारायण परमार युवा नेता लोकेंद्र सिंह मंडलोई अकोदिया दीप सिंह मंडलोई हुसैन शाह बालकिशन सक्सेना कांग्रेस नेता बाबू सिंह मेवाडा रिंकू में देवेंद्र सिंह सिसोदिया वकिल भाई गोविंद सिंह परमार सहित कहीं कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## खाचरोद क्षेत्र के मड़ावदा गांव के प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का होगा जिर्णोद्धार



**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/दैनिक मालावा हेराल्ड।** खाचरोद तहसील के मडावदा गांव में स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गया है जिसका जीर्णोद्धार समस्त ग्रामवासियों द्वारा सहयोग राशि से किया जाएगा जिसको लेकर गांव में समस्त राशि एकत्रीकरण की पत्रिका का वितरण घर-घर जाकर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है जानकारी के अनुसार चलित प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 7 फरवरी को है वही मंदिर निर्माण का भूमि पूजन व नींव रखने का मुहूर्त 24 अप्रैल 12 से 1 बजे तक निर्धारित किया गया है मंदिर लगभग 300 वर्ष पुराना बताया जा रहा है मंदिर निर्माण की लागत लगभग 2 करोड रुपए अधिक होगी। गांव से सर्व समाज के हर घर से राशि एकत्रित की जाएगी जो मंदिर निर्माण में लगेगी सभी ग्रामवासियों से अनुरोध किया गया है कि इस भव्य मंदिर निर्माण में तन, मन, धन से सहयोग करें। समर्पण राशि एकत्रीकरण (रसीद काटने )की शुरुआत 13 जनवरी से होगी।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जस्सा खेड़ी मंडल का हिंदू सम्मेलन में दिखा सामाजिक समरसता का भाव




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बड़नगर खंड के मंडलों में हिंदू सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं इसी के तहत जस्साखेड़ी मंडल का हिंदू सम्मेलन रविवार को ग्राम जस्साखेड़ी के ईच्छा पूर्ण हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित किया गया।इस सम्मेलन में इस मंडल के बिरियाखेड़ी,बलौदा आरसी,टोकरा एवं पीतलावदिया के ग्रामीणों ने भाग लिया।मंडल सम्मेलन के मुख्य अतिथि मंडल के संयोजक बग़दीराम पाटीदार एवं परमहंस स्वामी गोपाल कृष्णानंद महाराज श्री सिद्ध हनुमान धाम परमहंस आश्रम रहे वही हिंदू सम्मेलन को संबोधित राजकुमार पोरवाल द्वारा किया गया आपने कहा कि हिन्दूस्थान को गुलाम रखने शक, हूण,यवन,अंग्रेज और मुगल कई आए किंतु हमारी कुटुंब व्यवस्था तथा हमारे सनातन परंपरा को आज तक कोई तोड़ नहीं पाया है। वर्तमान में हिंदू समाज को कई माध्यम से अलग-अलग एवं बांटने की कोशिश की जा रही है किंतु हमें इन साजिशों से सावधान रहना चाहिए। आगे अपने कहा कि हिंदू समाज में छुआछूत जाति भेद को मिटाने कार्य हम सभी करना है,समाज में समरसता का संदेश देना है,गांव में एक ही धर्मशाला,एक शमशान हो गांव एक ही जगह से पानी का उपयोग करे,समरसता पूर्ण समाज हो, समाज में उच्च नीच का भाव खत्म हो हिंदू एकजुट रहे ।

## महिलाएं तिल चतुर्थी व्रत 6 जनवरी को मनाएगी



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** महिलाओं का महत्वपूर्ण व्रत तिल चतुर्थी एवं इसको संकट चतुर्थी भी कहा जाता है 6 जनवरी मंगलवार को हिंगलाज माता मंदिर रंगार सेरी में मनाया जाएगा पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इस दिन महिलाएं व्रत रखकर संतान की लंबी आयु ,,सुख समृद्धि और संकटों से मुक्ति के लिए भगवान गणेश जी और संकटा माता की पूजा विधि विधान से कर कथा का श्रवण करती है पश्चात तिल गुड़ के लड्डू का भगवान गणेश जी को भोग लगाकर खुद भी तिल गुड़ से बने पकवान खाकर व्रत खोलती है जानकारी पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने दी।

## स्टार्टअप के लिए उद्यम क्रांति योजना से मिलेगा ऋण

**सतना/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) से मान्यता प्राप्त जिले के ऐसे स्टार्टअप जिन्हें फंडिंग या ऋण की आवश्यकता हो, वे जिले की सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से एमएसएमई विभाग म.प्र. की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन samast.mponline.gov.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है। आवेदन के साथ स्टार्टअप का डीपीआईआईटी से जारी मान्यता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

## भागीरथपुरा में दूषित पानी पिने से कई लोगो की चली गई जान



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को नगर में युवा कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस द्वारा इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पिने से कई लोगो की जान चली गई।

मगर भाजपा सरकार और नगरीय प्रशाशन मंत्री कैलाश विजयववार्गीय का कहना हे कि इससे घंटा फर्क नहीं पड़ता है।

विरोध मे रविवार को बस स्टैंड पर मंत्री कैलाश विजयवार्गीय के पुतले को बलवंती नदी का गन्दा पानी पीलाया गया और विजयवर्गीय की अर्थी निकाल कर राम नाम सत्य है भाजपा सरकार मस्त है के नारे लगाते हुवे बस स्टैंड पर पुतला दहन कर मुख्यमंत्री मोहन यादव से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को हटाने की और महापौर पुष्यमित्र भार्गव और जिम्मेदारो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।इस दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से पुलिस की पुतले को लेकर काफी देर तक खींचतान और झूमा झटकी होती रही मगर अतः में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला फूंक ही दिया। इस दौरान पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अभिषेक मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर के प्रभारी मंत्री मुख्यमंत्री मोहन यादव है साथ ही नगरी प्रशासन मंत्री भी कैलाश विजयवर्गीय है उसके बावजूद इंदौर में इतनी बड़ी घटना होना दुर्भाग्यपूर्ण है।विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता ने कहा कि इंदौर में इतनी बड़ी घटना होना काफी नींदनिय है 14 से अधिक लोगों की जान चली गई।गंदे पानी की शिकायत पहले भी आम जनता द्वारा प्रशासन को की गई थी मगर प्रशासन के ढीले रवैया के कारण आज निर्दोष लोगों को अपनी जान की कीमत देखकर चुकाना पड़ी।

युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष बलराम चौधरी- ने कहा कि भागीरथपुरा में जिन लोगों की मौत हुई वह सभी निम्न स्तर के है गरीब होने के बावजूद अस्पतालों में उनसे हजारों रुपए के बिल देना पड़े और वहां के मंत्री शर्मनाक बाते बोलते हैं उन्हें लोगों की मौत से कोई हमदर्दी नहीं है।इसलिए उन्होंने मीडिया को दिए संबोधन में घंटा शब्द का उपयोग कर मृत लोगो का मजाक उड़ाया हैं। इस मौके पर जिला आईटी समन्वयक आश्विन पाटीदार, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारे,मध्य प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व सचिव चेतन राठौड़, पार्षद जगदीश पाटीदार, हरीश मंगलिया जनपद सदस्य चंदन भूरिया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि निर्देश सोनगरा,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कृष्णा पंवार,अतुल बाफना,निर्मल वर्मा,महेश मुकाती,अनूप जैन,अक्षत चोपड़ा,देवेंद्र सिंह पंवार, केसुर ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष अमन पांडे, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सद्दाम पटेल,लक्ष्मण भाई,डाक्टर पीरालाल चौहान, सहीत बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित थे यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि संदीप महेश्वरी ने दी।

# शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल मिले शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए

### कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुरेश नगर का आकस्मिक निरीक्षण कर दिए निर्देश



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने रविवार को ग्वालियर शहर के सुरेश नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया और पेयजल वितरण व्यवस्था की मौके पर ही समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कहीं पर भी अशुद्ध पानी वितरण की शिकायत नहीं मिलना चाहिए। इस मौके पर नगर निगम के अपर आयुक्त श्री प्रतीक राव सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी और निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान कहा है कि नगर निगम के माध्यम से गंदे पानी की कोई भी शिकायत प्राप्त होती है तो उसका तत्परता से निराकरण किया जाए। इसके लिये आवश्यक हो तो पाइप लाइन बदलने का कार्य भी किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शहर में जिन क्षेत्रों में टंकियों के माध्यम से पेयजल वितरण किया जा रहा है वहां पर टंकियों की सफाई का कार्य भी प्राथमिकता से कराया जाए। नगर निगम के मैदानी अधिकारी निरंतर भ्रमण कर अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल से संबंधित शिकायतों के निराकरण का कार्य करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे भ्रमण के दौरान अपने-अपने क्षेत्र से पेयजल की सेम्पलिंग का कार्य भी करें। सेम्पलों की निरंतर प्रयोगशाला में जाँच भी कराई जाए। शहर में जिन क्षेत्रों में ट्यूबवेल से जल आपूर्ति होती है वहां पर नियमित क्लोरीनेशन का कार्य भी कराया जाए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि सीएम हैल्पलाइन, निगम के कंट्रोल रूम पर पेयजल से संबंधित जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं उसके निराकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए। कार्य करने के पश्चात शिकायतकर्ता से विभागीय अधिकारी चर्चा कर निराकरण का सत्यापन करें। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट भी कर रहे हैं निरंतर मॉनीटरिंग प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भी पेयजल वितरण व्यवस्था, स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य विभाग की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं।

## कई दिनों से बंद पड़ी फिल्टर मशीन जल्द होगी प्रारंभ



**अमझेरा/ आशीष-पंचोली/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दैनिक मालवा हेराल्ड समाचार पत्र द्वारा शनिवार को फ़िल्टर प्लांट मशीन की उडी धज्जियां खबर प्रकाशित की गई थी जिसके बाद जल विभाग अधिकारियों की नींद उड़ी और खूब खरी खोटी सुनना पड़ गई साथ ही जल योजना की सभी लापरवाही को पता लगा और सामने पाया गया कि जल विभाग के अधिकारी पिछ्ले 8 महीने से कुंभकर्ण की नींद सो रहे है जिला विभाग अधिकारी ने एक भी बार बख्तावर जलाशय का निरक्षण नही किया है जल संसाधन को लेकर अधिकारियों के पास ना कोई सही स्पष्टीकरण है ना ही आगे की कोई रणनीति इंदौर भागीरथ पूरा घटना पर निरंतर नया मोड़ आ रहा है वही मुख्यमंत्री मोहन यादव कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर अपनी उपलब्धियां बता रहे है वही मोहन सरकार के अधिकारी किस नींद में सोए है कब जागेंगे कैसे जागेंगे पता नही राजनीति गलियारों की गुटबाजी और आपसी मतभेद सरकार के विकास में बाधा बन रहे है जिसको लेकर उसका अंजाम पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है जिसका एक कारण नगर अमझेरा में भी बना अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद जल विभाग ने अपनी सुस्ती मिटाई और कई दिनों से बंद पड़ी मशीन को संज्ञान में लेते हुए और नगरवासियो द्वारा बदबूदार गन्दा पानी सप्लाई करने की नारजगी को गंभीरता से लेते हुए बख्तावर जलाशय पर साफ सफाई कर दी गई है साथ ही फिल्टर मशीन रिपेरिंग कार्य जारी है ग्राम पंचायत अमझेरा, जनप्रतिनिधियों, जल विभाग की टीम और ग्रामवासियों द्वारा रविवार को नगर का भृमण कर टूटी फूटी लाईन और गंदे पानी की निकासी जंहा हो रही है उसका निरक्षण कर साफ सफाई और मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही एसडीओ जल विभाग सरदारपुर नवल किशोर भूरिया ने बताया की शिकायत को गम्भीरता से लेकर जल समस्या का निराकरण किया जा रहा है और जल्द ही फिल्टर मशीन भी प्रारंभ हो जाएगी और आसपास की सफाई का भी ध्यान दिया जाएगा।

# अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर आश्रित को मिलेंगे दो लाख रुपए

**रीवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में विभिन्न कारणों से बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन दुर्घटनाओं में कई व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का भी जीवन कठिन हो जाता है। अब तक अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर मृतक के आश्रितों को सोलेशियम फण्ड से 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इसके स्थान पर हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 लागू की गई है। इस योजना से अज्ञात वाहन से दुर्घटना में मौत होने पर मृतक के आश्रितों को दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। योजना की मानीटरिंग के लिए जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। कलेक्टर इस समिति में एक स्वयंसेवी सदस्य को नामांकित करेंगे। बीमा कंपनी के अधिकारी को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। अज्ञात वाहन से दुर्घटना होने पर पीड़ित व्यक्ति तहसीलदार अथवा एसडीएम को निर्धारित प्रपत्र में सहायता राशि के लिए आवेदन प्रस्तुत करेंगे। आवेदन पत्र के साथ दावाकर्ता के बैंक खाते की छायाप्रति, अस्पताल में उपचार कराने के बिल, घायल अथवा मृतक की पहचान तथा पता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके साथ-साथ पुलिस में दर्ज एफआईआर की प्रति, दावा करने वाले की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रमाण पत्र, मौत की स्थिति में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं गंभीर चोट होने पर एमएलसी रिपोर्ट देना आवश्यक होगा।

# बड़नगर नगर पालिका के अजब गजब कारनामे

### नगर पालिका के अधीन वाटर वर्कस के कर्मचारियों ने की जालियों की चोरी कर भंगार वाले को बेची



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** नगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया जहां पर वॉटर बॉक्स की चोरी नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा की गई और बेचने के लिए चामला नदी केसूर रोड स्थित हरी नारायण सोलंकी की दुकान पर 180 किलो जाली बेच दी गई इसकी भनक कांग्रेस के नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजहरुद्दीन और अन्य पार्षद को लगी तो उन्होंने तुरंत चामला नदी स्थित दरगाह के पास हरि सोलंकी की भगार की दुकान पर पहुंच कर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंगियों और जल समिति के सभापति अजय दोराया को फोन लगाया और उन्होंने नगर पालिका की जाली चोरी कर बेचने की बात बताई तत्काल नगर पालिका अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और जाली जब्त करवाई लेकिन यहां सवाल ये उठता है की आखिर नगर पालिका के कर्मचारी अपने साथियों के साथ जाली बेचने के जिम्मेदार हैं लेकिन खरीददार हरिश सोलंकी भी उतना ही जिम्मेदार है क्योंकी नगर पालिका ने जो पंचनामा बनाया है उसमें खरीदार हरी नारायण सोलंकी के यहां से जाली जब्त की गई है जिसकी दुकान जागीरदार गार्डन के पास केसुर रोड पर स्थित है क्या पुलिस खरीददार को आरोपी बनाएगी क्योंकी नियम अनुसार तो खरीददार भी आरोपी बन रहा है वहीं कांग्रेस पर्षादों ने आरोप लगाया है की नगर पालिका के जल समिति के सभापति भाजपा पार्षद अजय दोराया के संरक्षण में यह सब हो रहा है जबकी हमारी बात जब अजय दोराया से हुई तो उनका कहना था की मेरा इससे कोई हस्तक्षेप नहीं है और इससे कोई लेना देना नहीं अगर नगर पालिका के किसी कर्मचारी ने ऐसा कृत्य किया है तो उस पर कार्यवाई होगी मेरे पर लगाए गए आरोप निराधार है अभी देखना यह होगा की पुलिस हरी सोलंकी पर करवाई करती है आखिर हरिश सोलंकी को किसका संरक्षण प्राप्त है क्योंकी करवाई के दौरान मीडिया पुरे समय वहा पर मौजूद थी हलकी कुछ लोगों द्वारा लिपापोती करके मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है।

वही इस पूरे मामले में नगर पालिका अध्यक्ष का कहना है वाटर बॉक्स कैंपस में पुरानी जालीय पड़ी हुई थी तीन-चार कर्मचारी कबाड़ खाने में बेचने की जैसे हमें सूचना मिली हम तुरंत मेरे पार्षदो के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाया और थाने में इसकी रिपोर्ट करवा रहे मेरे द्वारा कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

# पंचकर्म वेलनेस, स्वच्छता और गुणवत्ता उपचार का मॉडल बना पं. खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान,भोपाल का चिकित्सालय आयुर्वेद आधारित वैज्ञानिक एवं समग्र चिकित्सा पद्धति के कारण प्रदेश ही नहीं, बल्कि प्रदेश के बाहर, विदेशों एवं एनआरआई रोगियों के लिए भी प्रमुख उपचार केंद्र के रूप में उभर रहा है। विशेष रूप से सुपर स्पेशियलिटी पंचकर्म विंग में स्वास्थ्य लाभ के लिए विदेशी नागरिकों एवं एनआरआई का रूझान लगातार बढ़ रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि चिकित्सालय में पैरालिसिस, गठियावात, संधिवात, त्वचा रोग, न्यूरोलॉजिकल रोग, श्वास रोग, पाइल्स एवं फिस्चुला, बच्चों की जन्मजात बीमारियाँ, स्त्रीरोग तथा नेत्र के जटिल एवं असाध्य रोगों का प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार किया जा रहा है। डॉ. शुक्ला ने जानकारी दी कि संस्थान में 200 शैय्याओं वाला अंतरंग विभाग, ओपीडी एवं विभिन्न स्पेशियलिटी क्लीनिक्स, शल्य चिकित्सा हेतु पृथक ऑपरेशन थियेटर, पंचकर्म केन्द्र, कियाकल्प इकाई, योग एवं आहार चिकित्सा केन्द्र तथा आधुनिक निदान केन्द्र संचालित हैं। निदान केन्द्र में रक्त, मूत्र सहित विभिन्न पैथोलॉजी जाँच, एक्स-रे, ईसीजी, पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। संस्थान अंतर्गत सभी रोगियों को शासन द्वारा निःशुल्क औषधियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं तथा चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ की सेवाएँ उपलब्ध रहती हैं।

# चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य समापन




**जबलपुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्कारधानी जबलपुर के मानस भवन में आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का भव्य समापन श्रद्धा, संस्कृति और शोध के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राज्यपाल श्री आरिफ़ मोहम्मद ख़ान ने कहा कि भारत की संस्कृति भेदभाव से नहीं, बल्कि आत्मा, चेतना और बुद्धि से परिभाषित होती है। परमात्मा प्रत्येक हृदय में निवास करता है, इसलिए हर शरीर एक मंदिर है। शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्यपाल को सुनना स्वयं में एक अद्भुत अनुभव है, राम का चरित्र नई पीढ़ी के लिए आचरण का प्रतिमान है। संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रामायण मात्र ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाली आधारशिला है। राज्?यपाल श्री खान ने रामायण पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में इंडो-थाई रामायण फोरम पर विशेष चर्चा हुई। कोऑर्डिनेटर अमरेंद्र नारायण ने बताया कि इस फोरम की स्थापना प्रथम विश्व रामायण सम्मेलन में हुई थी, जिसका उद्देश्य भारत और थाईलैंड के बीच रामायण आधारित अकादमिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को सुदृढ़ करना है। शोध, विमर्श और वैचारिक सत्र में प्रो. नरेंद्र कौशिक, प्रो. अभिलाषा सिंह, प्रो. नीलांजना पाठक, शैलेंद्र तिवारी और डॉ. अजय तिवारी ने रामायण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी के कार्यों की गहन समीक्षा की




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित आरो बैठक में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने खंड स्तर पर राजस्व अधिकारियों द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यों की जानकारी ही प्राप्त नहीं की बल्कि जिले में राजस्व संबंधी क्रियान्वित कार्यों के संबंध में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन सह दिशा-निर्देश दिए। इसके पहले उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्थाएं बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने तथा सूचना तंत्र को मजबूत रखने के लिए भी कहा है।

बैठक के दौरान राजस्व वसूली, राजस्व न्यायालयीन प्रकरणो की समीक्षा, साईबर तहसील अन्तर्गत नामातंरण, तामीली, पटवारी रिपोर्ट, समस्त एस.डी.एम. न्यायालयीन प्रकरणो के निराकरण की स्थिति, समस्त तहसील न्यायालयीन प्रकरणो के निराकरण की स्थिति, नामान्तरणध् बंटवारा ध् सीमांकनध्अतिक्रमण, राहत राशि वितरण की समीक्षा (तहसीलवार), फार्मर रजिस्ट्रेशन, फसल गिरदावरी, आयोगध्जनशिकायतध्सर्तकता ध् जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन ध् शिकायत स्थिति, सी. एम. मॉनिट के आवेदन की स्थिति, समय सीमा पत्र, सी.एम. हेल्प लाईन, की समीक्षा, ग्रेडिंग माह, समाधान विषय, 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतो की स्थिति, सिविल सूट प्रकरणो की स्थिति, शासकीय विभागो को भूमि आवंटन प्रकरणो की स्थिति, वन व्यवस्थापन, वन अधिकार के तहत निरस्तध्दावा का पुनः परीक्षण, वन राजस्व ग्राम समपरिवर्तन, आरआरसी, राजस्व अभिलेख में अमल दरामद की चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने साथ ही साथ बैठक में विभागीय समस्याओं के समाधान पर भी गहन चर्चा की। यहां उपस्थित विभागीय अधिकारियों से संवाद कर उन्होंने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, कुपोषण, निर्माण कार्यों, शासकीय योजनाओं की क्रियान्वयन सहित अन्य आवश्यक बिंदु पर चर्चा कर इन सभी कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं व जिज्ञासाओं का मौके पर समाधान कराया।

स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन बनाएं- कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए की विदिशा जिले में संचालित शासकीय स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन स्थापित करने की पहल करना है जिन स्कूलों में बाउंड्रीवाल हैं उन स्कूलों में राजस्व अधिकारी ध्यान देते हुए न्यूट्रिशन गार्डन बनवाने की पहल करें। इस दौरान उन्होंने जिले के सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना तहत क्रियान्वित कार्यों की भी समीक्षा कर स्कूली बच्चों को भोजन वितरण से लेकर रसोई कक्ष व खाद्यान्न उठाव संबंधी जानकारियां प्राप्त की हैं।

ग्राम सभाओं का निरीक्षण करें - कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि जिले में जिन-जिन ग्रामों में ग्राम सभाएं आयोजित की जाती हैं उन ग्राम सभाओं का निरीक्षण करें और शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों विशेष कर सहरिया समुदाय के नागरिकों को भी शासन की चिन्हित सभी योजनाओं का लाभ मिले के प्रबंध सुनिश्चित कराएं।

यातायात व्यवस्थाओं का जायजा - बैठक में जिले की यातायात व्यवस्थाओं तथा सड़क मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। निर्देश दिए गए हैं कि जिले के वह सड़क मार्ग जहां दुर्घटनाओं की संभावना रहती है या ब्लैक स्पॉट चिन्हित हैं वहां संकेतक बोर्ड सहित अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। यातायात के नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करने वालों की विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता बने - कलेक्टर श्री गुप्ता द्वारा आबकारी विभाग से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की गई राजस्व अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया था कि कंपोजिट मंदिर दुकानों के आसपास स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जाता है जिस पर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले की सभी कंपोजिट मदिरा दुकानों के आसपास गंदगी ना फैले, स्वच्छता बरकरार रहे इसके लिए साफ-सफाई के प्रबंध सुनिश्चित करें, साथ ही दुकान के पास दो डस्टबिन स्थापित किए जाएं। कलेक्टर द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कहीं भी कच्ची शराब का विक्रय ना होने पाए इस पर विशेष नजर रखें यदि कहीं कच्ची शराब का निर्माण हो रहा है तो कार्यवाही की जाए।

अस्पताल में मरीजों को सारी सुविधाएं मिले और 108 एंबुलेंस समय पर पहुंचे - कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी राजस्व अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राजस्व अधिकारी भी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण निरीक्षण कर मरीजों को अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं, मरीज को स्ट्रेचर सहित अस्पताल में डॉक्टर व अन्य स्टाफ समय पर उपस्थित हो रहे हैं या नहीं को देखें। उन्होंने विशेष कर अस्पताल में चूहों का जमावड़ा ना होने पाए पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि 108 एंबुलेंस समय पर पहुंचे, गर्भवती माताएं, घायल मरीजों की जान बचाने के लिए एंबुलेंस समय पर पहुंचे इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि जिले में जिन भी स्थलों पर बड़े कार्यक्रम मेला इत्यादि का आयोजन होता है वहां आयुष्मान कैंप का आयोजन हो ताकि शेष रहे नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बन सकें।

## नगर पालिका विदिशा द्वारा पेयजल गुणवत्ता की रैंडम सैंपलिंग अभियान

**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगरपालिका विदिशा द्वारा शहरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की रैंडम सैंपलिंग अभियान संचालित किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दुर्गेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। अभियान के दौरान अमृत मित्रों के माध्यम से वार्ड क्रमांक 18, 29 एवं 34 के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर पेयजल के नमूने एकत्र किए गए। एकत्रित नमूनों की जांच मौके पर ही निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप की गई। जांच प्रक्रिया में पेयजल की गुणवत्ता को टर्बिडिटी (मटमैलेपन), कलर (रंग), टीडीएस सहित अन्य निर्धारित भौतिक एवं रासायनिक मानकों पर परखा गया। नगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी नमूनों की जांच पारदर्शी एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप हो। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की रैंडम सैंपलिंग से पेयजल की गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, जिससे समय रहते आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके और नागरिकों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। भविष्य में भी नियमित रूप से इस तरह के परीक्षण अभियान जारी रहेंगे।

## एसआईआर नो-मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई के लिये विधानसभा क्षेत्रवार स्थल निर्धारित

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के तहत नो मैपिंग मतदाताओं को जारी किए जा रहे नोटिस की सुनवाई करने के लिये जिले के हर विधानसभा क्षेत्र के लिये पर्याप्त संख्या में स्थल निर्धारित किए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत नोटिस जारी करने व उन पर सुनवाई के लिये 23 दिसम्बर 2025 से 14 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। सुनवाई के लिये विधानसभा क्षेत्रवार निर्धारित स्थलों पर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी कहा है कि वे अपने-अपने बीएलओ के माध्यम से नो मैपिंग मतदाताओं को भी इन सुनवाई स्थलों की जानकारी उपलब्ध करवाएं। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को सुनवाई स्थलों की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

## दतिया प्रशासन सतर्क, पेयजल स्रोतों की जांच के निर्देश

**दतिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा मोहल्ले में दूषित पेयजल की आपूर्ति से हुई 14 मौतों और 150 से अधिक लोगों के बीमार होने की गंभीर घटना के बाद दतिया जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े के मार्गदर्शन में जिले में जलजनित बीमारियों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके वर्मा ने जिले के सभी नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों को पेयजल की सघन मॉनिटरिंग करने के आदेश जारी किए हैं।

## मधुसूदनगढ़ तहसील में आयोजित राजस्व प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरदार भगत सिंह टीम ने मारी बाजी

**गुना/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल की प्रेरणा से नवाचार के तहत तहसील मकसूदनगढ़ में राजस्व प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 03 जनवरी शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से किया गया। अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन द्वारा प्रोत्साहित होकर तथा एसडीएम राघौगढ़ श्री अमित कुमार सोनी के मार्गदर्शन में तहसील मकसूदनगढ़,राघौगढ़,गुना आदि तहसीलों के राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं लिपिक वर्ग ने भाग लेकर राजस्व कार्य संबंधी जागरूकता को दृष्टिगत रखते हुए यह प्रश्न मंच का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। तहसीलदार मधुसूदनगढ़ डॉ. उदय सिंह,नायब तहसीलदार कमल सिंह कोहली द्वारा प्रश्न पूछकर परीक्षक रहे जिसका सहयोग सीएमओ नगर परिषद वीरेंद्र चक्रवर्ती एवं बीएमओ डॉ.देवेंद्र खरे द्वारा किया गया जिसमें आठ टीम चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, महारानी लक्ष्मीबाई,महात्मा गांधी,डॉ. भीमराव अंबेडकर, बिरसा मुंडा तथा अशफाक उल्ला खान टीम में 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रत्येक टीम में तीन सदस्य रहे। प्रत्येक टीम से 10 प्रश्न पूछे गए जिसके अंतर्गत प्रतियोगिता में प्रथम राउंड, सेमीफाइनल राउंड तथा फाइनल राउंड खेला गया जिसमें सरदार भगत सिंह टीम राकेश यादव, नरेंद्र चौरसिया तथा दीवान मीणा द्वारा प्रथम स्थान तथा द्वितीय स्थान पर महात्मा गांधी टीम में चेतन शर्मा,गौरव तोमर, चांद सिंह यादव आदी।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए कारण बताओ नोटिस

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े ने जिले के 223 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को ष्ठद्बद्दद्ब त्रश्1 अकाउंट में प्राप्त राशि का शत प्रतिशत उपयोग न करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। प्रचार्यों को प्राप्त राशि का उपयोग शालाओं एवं शौचालयों की साफ-सफाई, मरम्मत, रंगाई-पुताई, लैब-लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास बनाने, कंप्यूटर व प्रिंटर क्रय करने एवं छात्र हित कार्य करने के लिए दी गई थी। जिला स्तर से दिए गए निर्देशों की भी अवहेलना की जा रही है। प्राचार्यों को तीन दिवस में राशि शत-प्रतिशत खर्च कर सूचित करने और विलंब का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। जिन प्रचार्यों का व्यय 70 प्रतिशत से कम है वे तत्काल खर्च करें तथा शेष शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें। असंतोषजनक जवाब प्राप्त होने पर कार्यवाही जेडी भोपाल को प्रस्तावित की जाएगी। साथ ही लापरवाही पर दो-दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाएगी।

इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानुड़े ने शासकीय, अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हाई सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों, संचालकों एवं प्रभारियों द्वारा छात्रवृत्ति की राशि छात्रों के सही अकाउंट में नहीं जमा होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। छात्रवृत्ति से वंचित रहे छात्रों के तीन-चार दिनों में शालावार-कक्षावार फेल एवं डुप्लीकेट अकाउंट सूची डीडीओ व संकुल प्राचार्यों से प्राप्त करें। साथ ही नए खाते खुलवाकर ईपी 3.0 पोर्टल पर अपडेट करने के बाद छात्रवृत्ति भुगतान के प्रस्ताव शालावार बीईओ के माध्यम से संस्था प्रधान स्पष्टीकरण सहित भेजें, ताकि कलेक्टर द्वारा प्रस्ताव भोपाल भेजे जा सके। जानकारी निरंक हो तो निरंक में भेजी जाए। लापरवाही पर एकतरफा कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री कानुड़े ने जिले के शासकीय अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्यों को यूडाइस एवं ईपी 3.0 पोर्टल पर नामांकन बराबर नहीं करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। दोनों पोर्टलों पर नामांकन बराबर होना चाहिए। शीघ्र कार्यवाही कर नामांकन कम न होने दें, क्योंकि डाटा प्रतिवेदित है। ईपी 3.0 में कम नामांकन पर यूडाइस अनुसार चाइल्ड प्रोफाइल पूर्ण करने की कार्यवाही करें। किसी भी स्थिती में दोनों पोर्टल पर नामांकन कम न हो अन्यथा अशासकीय संस्थाओं की मान्यता समाप्त करने एवं शासकीय संकुल प्राचार्यों का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

# एनसीसी की पीएम साइकिल रैली विदिशा पहुंची



**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत में एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रतिवर्ष कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका शुभारंभ एनसीसी पीएम रैली के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाता है। एनसीसी पीएम रैली 2026 के अंतर्गत एनसीसी निदेशालय महाराष्ट्र द्वारा ÷शौर्य के कदम, क्रांति की ओर÷ नामक एक विशेष साइकिल अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान ऐतिहासिक दृष्टि से वर्ष 1736 में मराठा पेशवा बाजीराव द्वारा दिल्ली पर किए गए आक्रमण के मार्ग पर आधारित है।

यह साइकिल रैली पुणे से नई दिल्ली तक आयोजित की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति एवं ऐतिहासिक गौरव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान में एनसीसी ग्रुप अमरावती के 12 कैडेट्स शामिल हैं, जो ब्रिगेडियर सचिन गवली, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय अमरावती के नेतृत्व में पूरे मार्ग की साइकिल टीम का हिस्सा हैं। टीम के साथ 6 सदस्यों की कोर सपोर्ट टीम भी कार्यरत है। यह अभियान कुल 1680किलोमीटर की दूरी तय करेगा, जो पांच राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगा, जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। इसे 21 साइकलिंग दिनों में पूर्ण करने की योजना है। एक्सपेडिशन का शुभारंभ 24 दिसंबर 2025 को पुणे के वाड़ा से हुआ, जो 4 जनवरी 2026 को विदिशा पहुंचा है और 16 जनवरी 2026 को दिल्ली पहुंचेगा। 26 जनवरी 2026 को एनसीसी पीएम रैली 2026 के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा इस अभियान को फ्लैग-इन किया जाएगा। अब तक टीम 11 साइकलिंग दिनों में लगभग 900 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एनसीसी डायरेक्टरेट के अंतर्गत विदिशा जिले में इस साइकिल रैली का भव्य स्वागत 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा द्वारा किया गया। यह आयोजन कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता (शौर्य चक्र) के निर्देशानुसार तथा प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य के मार्गदर्शन एवं संयोजन में संपन्न हुआ।

साइकिल रैली की अगवानी एवं स्वागत विदिशा जिले के पुलिस अधीक्षक श्री रोहित केसवानी (आईपीएस) एवं लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर सचिन गवली को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रैली में 11 महाराष्ट्र एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय भी शामिल रहे।

# जिला प्रशासन की टीम ने शुरू कराया एलीवेटेड रोड के तीन पिलर का काम



**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एलीवेटेड रोड के निर्माण में आ रहीं बाधायें जिला प्रशासन द्वारा अभियान बतौर दूर की जा रही हैं। इस क्रम में एलीवेटेड रोड के प्रथम चरण के अंतर्गत मौजा महलगांव में जिला प्रशासन की टीम ने रुके हुए तीन पिलर का काम शुरू करा दिया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने संबंधित एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि लगातार कार्रवाई कर एलीवेटेड रोड के निर्माण में अतिक्रमण इत्यादि की वजह से आ रहीं सभी बाधायें दूर करें।

इस परिपालन में राजस्व विभाग की टीमों द्वारा हर दिन कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने रविवार को मौके पर पहुँचकर मौजा महलगांव के अंतर्गत पिलर का काम शुरू कराया। एसडीएम श्री सिंह ने बताया कि मौजा महलगांव के अंतर्गत एलीवेटेड रोड के पिलर क्रमांक-208 से 212 तक कुल 5 पिलर का काम विभिन्न कारणों से रुका हुआ था। इनमें से पिलर क्रमांक-208, 209 व 212 का काम शुरू करा दिया गया है। जिस जगह पर पिलर क्रमांक-210 एवं 211 बनाए जाने हैं उनसे संबंधित जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये विधिक प्रक्रिया प्रचलन में है। जल्द ही अतिक्रमण हटाकर इन पिलर का काम भी शुरू करा दिया जायेगा। रविवार को पिलर का काम शुरू कराने के लिये गई टीम में तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे व नायब तहसीलदार श्री शिवदत्त कटारे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।

## शहरवासियों को खूब भा रहे हैं रसायन मुक्त खाद्यान्न व सब्जियां



**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैविक हाट (जैविक सेतु) में उपलब्ध रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से पैदा किए गए खाद्य उत्पाद ग्वालियर शहरवासियों को खूब भा रहे हैं। खासतौर पर हल्दी, चावल, गुड़, आंवला, काला गेहूँ, ज्वार, दालें इत्यादि की खूब बिक्री हो रही है। यह जैविक हाट मेला रोड स्थित किसान कल्याण एवं कृषि विकास कार्यालय परिसर में हर रविवार को लगती है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जैविक हाट का निरीक्षण किया। साथ ही जैविक दालें खरीदीं और यूपीआई से भुगतान किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों को जैविक हाट का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जैविक हाट में मिलेट्स से बने व्यंजनों के स्टॉल लगवाने के लिये भी कहा। रसायन मुक्त एवं प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित अनाज व दालों के साथ- साथ अमरूद, आंवला एवं आलू, मूली, पालक, गाजर तथा अन्य सब्जियां भी जैविक हाट में उपलब्ध हैं। उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास एवं परियोजना संचालक आत्मा श्री रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि जैविक हाट में इस बार किसानों की लगभग 40 हजार रुपए की बिक्री हुई है। प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित हल्दी, चावल, गुड़, आंवला व काले गेहूँ की लोगों ने खरीददारी की। इसके अलावा ज्वार, बाजरे का आटा, दालें व वर्मी कम्पोस्ट भी खूब बिके। जैविक हाट में बिक्री के लिये रखे गए सभी खाद्यान्न व सब्जियां वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत, वर्मीवास इत्यादि जैविक खादों से पैदा की गई हैं। जैविक हाट में बिक्री के लिये रखे गए हर प्रकार के खाद्यान्न व सब्जियों के बारे में शहरवासी यह भी जान सकते हैं कि कौन सा खाद्यान्न किस किसान द्वारा उत्पादित किया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जैविक अर्थात प्राकृतिक खेती कर रहे किसान भाईयों के लिये जैविक हाट में निःशुल्क स्थान उपलब्ध है। इसके लिये किसान भाई मोबाइल फोन नं. 9826189202 पर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा स्मृति में लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

### हरेक विधानसभा क्षेत्र में बनेगा स्टेडियम - प्रभारी मंत्री लखन पटेल




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वर्गीय श्री लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री श्री लखन पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर खेलप्रेमियों एवं खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सिरोंज विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल का अभिनंदन किया तथा खेल मैदान स्थित सांदीपनि स्कूल में आयोजित फाइनल मुकाबले की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से सौजन्यात्मक परिचय प्राप्त कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने खेल मंत्री द्वारा की गई घोषणा का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त अवसर एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सके।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवा समान रूप से खेल सुविधाओं का लाभ उठाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार एवं खेल विभाग प्रदेश में सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नामी खिलाड़ी बड़े शहरों से ही निकलते थे, लेकिन अब सरकारी प्रोत्साहन के कारण छोटे गांवों और कस्बों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौंड का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में संपूर्ण सुविधायुक्त खेल मैदान तथा सिरोंज के सांदीपनि स्कूल मैदान के समीप पुराने शनिचरा नाले पर स्टेडियमनुमा सीढ़ियों के निर्माण की मांग रखी। इस पर प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने घोषणा करते हुए खेल मंत्रालय के माध्यम से चार करोड़ रुपये की लागत से इनडोर स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति दिए जाने की बात कही और कहा कि विधायक द्वारा प्रस्तावित स्थान पर यह निर्माण कराया जाएगा।

सांदीपनि स्कूल मैदान में आयोजित फाइनल मुकाबले में गुना की साईं क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि महाराष्ट्र के जलगांव की जुनैद क्रिकेट क्लब उपविजेता रही। समारोह में माधव ग्रुप के संरक्षक श्री राहुल त्यागी द्वारा प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल एवं विधायक श्री उमाकांत शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# विधायक सेवढ़ा प्रदीप अग्रवाल ने किया पुलिस थाना लांच की बाउंड्री वॉल का लोकार्पण

**दतिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेवढ़ा विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल ने ग्राम लांच में विधायक निधि मद से निर्मित पुलिस थाना लांच की तीन लाख तीस हजार लागत से बनी बाउंड्री वॉल के लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री सूरज कुमार वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल द्वारा फीता काटकर नवीन बाउंड्री वॉल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एक नई दिशा लर्निंग सेंटर ई- लाइब्रेरी का थाना प्रांगण में उद्घाटन किया गया उक्त लाइब्रेरी में कंप्यूटर, एलईडी एवं पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता बच्चों के अध्ययन के लिए थाना प्रभारी द्वारा की गई है जिसकी विधायक श्री अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक दतिया श्री वर्मा द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई । इस दौरान उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि विकास प्रकृति का नियम है और विकास कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता भी है।

# कनारा लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ




**विदिशा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने रविवार को कनारा लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज छोटे-छोटे शहरों और कस्बों से भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलकर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ का उल्लेख करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण से खेलों के क्षेत्र में उच्च मुकाम हासिल किया जा सकता है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि लगातार 56 वर्षों से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन होना इस बात का प्रतीक है कि आयोजकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के सामूहिक प्रयास से यह परंपरा निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई देते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने कहा कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# उज्जैन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा में लगे 95 में से 25 सीसीटीवी कैमरे पड़े बंद

## मेंटेनेंस गारंटी के बावजूद ठेका कंपनी की लापरवाही, धुंधली रिकॉर्डिंग से अपराधियों की पहचान हो रही मुश्किल



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रद्धालुओं और यात्रियों की आवाजाही से चौबीसों घंटे गुलजार रहने वाले उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा इंतजाम खुद सवालों के घेरे में हैं। स्टेशन परिसर में यात्रियों की निगरानी के लिए लगाए गए 95 सीसीटीवी कैमरों में से करीब 25 कैमरे या तो पूरी तरह बंद पड़े हैं या फिर उनकी लोकेशन आउट हो चुकी है। शेष कैमरों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है, क्योंकि उनकी क्वालिटी इतनी कमजोर है कि पास खड़ा व्यक्ति तक स्पष्ट दिखाई नहीं देता।

रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में सीसीटीवी व्यवस्था सुरक्षा की रीढ़ मानी जाती है, लेकिन यहां यह व्यवस्था ही बेपटरी होती नजर आ रही है। नतीजतन यात्रियों की सुरक्षा काफी हद तक भगवान भरोसे चल रही है।

जानकारी के अनुसार उज्जैन रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने अपने-अपने स्तर पर कैमरे लगाए हैं। इनमें आरपीएफ के 78 और जीआरपी के 17 कैमरे शामिल हैं। कुल 95 कैमरों में से 25 कैमरों का बंद होना न सिर्फ लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों की चिंता भी बढ़ाता है।

सूत्रों के मुताबिक कई कैमरों की एंगलिंग और लोकेशन बिगड़ चुकी है, जिससे प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और प्रवेश-निकास मार्ग जैसे अहम स्थानों की निगरानी सही ढंग से नहीं हो पा रही। ऐसे में यदि कोई वारदात होती है तो फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। इसका सीधा लाभ अपराधियों को मिल रहा है।

गौर करने वाली बात यह है कि सीसीटीवी कैमरे जिस ठेका कंपनी ने लगाए थे, उसने मेंटेनेंस की गारंटी भी दी थी। बावजूद इसके, बार-बार पत्राचार और मौखिक सूचना देने के बाद भी कंपनी की ओर से न तो सुधार कार्य किया गया और न ही रिपेयरिंग के लिए कोई तकनीकी टीम स्टेशन पहुंची है। इससे विभागीय स्तर पर भी असंतोष बढ़ता जा रहा है।

दूसरी ओर रेलवे स्टेशन पर जेब कटमारी, चोरी और संदिग्ध गतिविधियों की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

### उज्जैन रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी की स्थिति

कुल कैमरे = 95
आरपीएफ के कैमरे = 78
जीआरपी के कैमरे = 17
बंद/लोकेशन आउट कैमरे = 25
शेष कैमरों की क्वालिटी = कमजोर, पहचान में दिक्कत


# भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का संकल्प एनएसयूआई ने चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा प्रदेश स्तरीय एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत पहले दिन पौधारोपण किया गया, वहीं इसके बाद प्रदेश महासचिव हिमांशु शुक्ल के नेतृत्व में रामजनार्दन मंदिर परिसर में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तराना विधानसभा विधायक महेश परमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी उपस्थित रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति, नदियाँ, झरने, समुद्र, बगीचे एवं पौधों जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी लिया।एनएसयूआई द्वारा यह अभियान आगामी 15 दिनों तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विभिन्न विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में जाकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपने निवास स्थान के आसपास पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि एनएसयूआई द्वारा चलाया जा रहा यह 15 दिवसीय अभियान सराहनीय पहल है। विद्यालयों में जाकर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

आज के बच्चे अपनी चित्रकला के माध्यम से हमारी पुरानी परंपराओं और प्रकृति प्रेम को दर्शाकर समाज में सकारात्मक संदेश दे रहे हैं, जो गर्व की बात है। कार्यक्रम के समापन पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों एवं विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्की ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्षगण चंद्रभान सिंह चंदेल, बबलू खींची, डॉ. संचित शर्मा, रहीम लाला, अभिषेक शर्मा, दुर्गेश धवन, देवेंद्र पाटनी, राहुल लोट, दीपेश जैन, हैमंत जौहरी, पप्पू बौरासी, अभिषेक देवड़ा आदी।

# सिद्ध आश्रम में ठहरे ग्वालियर के युवकों पर हमला



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्वालियर से धार्मिक यात्रा पर आए दो युवकों पर रविवार सुबह आश्रम में हमला हो गया। दोनों युवक घायल हुए हैं। हमला करने वालों से रात में विवाद हुआ था। हमलावर लाठियां लेकर पहुंचे थे। उन्होंने आश्रम का दरवाजा भी तोड़ दिया।

बताया जा रहा है कि ग्वालियर के मुरार का रहने वाला देव पिता लक्ष्मीनारायण गुर्जर 23 वर्ष अपने दोस्त कल्पित ठाकुर के साथ उज्जैन आया हुआ था। रामघाट स्थित सिद्ध आश्रम में उसकी बुआ भी रहती है। जहां दोनों युवक ठहरे हुए थे। शनिवार को उन्होंने देव दर्शन किए। रात में दोनों सिद्ध आश्रम में थे, उसी दौरान दो तीन युवक बाइक से आश्रम में आए। देव गुर्जर ने उन्हें गाड़ी आश्रम में लाने से मना किया। इस बात पर कहासुनी हो गई। रात में आश्रम में रहने वाले लोगों ने मामले को शांत करा दिया। इस बीच रविवार सुबह 7.30 बजे उक्त युवक तीन से चार की संख्या में लाठियां लेकर दोबारा आश्रम पहुंच गए। उन्होंने आश्रम के कमरा नंबर 2 में सो रहे देव और उसके दोस्त कल्पित ठाकुर पर हमला कर दिया। यही नहीं हमलावरों ने आश्रम में तोड़फोड़ कर कमरे का गेट भी तोड़ा और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। हमले में देव और कल्पित घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने जांच शुरू की है। आश्रम में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए हैं जिसके आधार पर हमलावरों की पहचान की जा रही है।

# ट्रैफिक चालानों से हादसों पर ब्रेक... 30% तक घटी दुर्घटनाएं

## 1 साल की सतत कार्रवाई में 29 हजार से ज्यादा चालान और 1.11 करोड़ जुर्माना लगाया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार, मोबाइल पर बात करते वाहन चालक और हेलमेट&सीट बेल्ट की अनदेखी लंबे समय से हादसों की बड़ी वजह रहे हैं। इन्हीं लापरवाहियों पर लगाम कसने के लिए यातायात पुलिस ने बीते एक साल में सख्त अभियान चलाया। नतीजा यह रहा कि चालानी कार्रवाई के असर से शहर में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 30 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक जारी आंकड़ों के अनुसार, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए पूरे वर्ष 29,688 चालान बनाए गए। इस दौरान 1 करोड़ 11 लाख 400 रुपए से अधिक का समन शुल्क वसूला गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई केवल जुर्माना वसूलने के लिए नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाने के उद्देश्य से की गई।

आंकड़ों पर नजर डालें तो वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग सबसे बड़ी लापरवाही बनकर सामने आया। इस नियम के उल्लंघन में सबसे ज्यादा 14,529 चालान किए गए। वहीं, बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वालों पर भी सख्ती दिखी और 13,635 चालान बनाए गए। इसके अलावा ओवर स्पीड, सीट बेल्ट न लगाने और नशे की हालत में वाहन चलाने जैसे मामलों में भी कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस का मानना है कि लगातार निगरानी और नियमों के सख्त पालन से ही सुरक्षित सड़कें संभव हैं। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, वाहन चलाते समय मोबाइल से दूरी रखें और गति सीमा का पालन करें। यही सावधानी न सिर्फ चालान से बचाएगी, बल्कि अनमोल जीवन की रक्षा भी करेगी।

### चालानी कार्रवाई एक नजर में

मोबाइल पर बात करते वाहन चलाने पर - 14,529 चालान
बिना हेलमेट वाहन चलाने पर - 13,635 चालान
ओवर स्पीड पर - 930 चालान
सीट बेल्ट नहीं लगाने पर - 418 चालान
नशे की हालत में वाहन चलाने पर - 116 चालान

# महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुईं भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उभरती हुई खिलाड़ी क्रांति गौड़ रविवार सुबह उज्जैन पहुंचीं। उन्होंने तडके चार बजे महाकालेश्वर मंदिर में आयोजित होने वाली भस्म आरती में भाग लिया। इस दौरान क्रांति गौड़ ने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल के दिव्य दर्शन किए और कुछ समय तक ध्यान लगाकर आत्मिक शांति प्राप्त की।

भस्म आरती के अलौकिक वातावरण और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने भगवान महाकाल से देश, खेल और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद क्रांति गौड़ मंदिर परिसर में कुछ देर रुकीं और महाकाल की महिमा को नमन किया। दर्शन उपरांत महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें दुपट्टा और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। क्रांति गौड़ ने कहा कि महाकाल के दर्शन से उन्हें अद्भुत ऊर्जा और सकारात्मकता मिली है, जो उनके खेल प्रदर्शन में भी सहायक सिद्ध होगी।

# टोल कर्मचारियों की गुंडागर्दी, बस में सवार यात्रियों पीटा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन-झालावाड़ रोड पर पिपलई टोल नाके पर टोलकर्मियों ने शनिवार रात को जमकर गुंडागर्दी की। कर्मचारियों ने एक बस में घुसकर यात्रियों को जमकर पीट दिया। इस दौरान महिलाएं चीखती रही। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हुआ है। पुलिस ने टोल कर्मचारियों पर केस दर्ज कर दो को गिरफ्तार किया है।अन्य की तलाश की जा रही है। घट्टिया टीआइ करण खोवाल ने बताया कि शनिवार रात को मालवा बस उज्जैन से आगर की ओर जा रही थी। उज्जैन-झालावाड़ मार्ग पर ग्राम पिपलई में बने टोल पर कुछ कर्मचारी एक लेन में आग जलाकर ताप रहे थे। बस उस लेन में चली गई थी। रास्ता साफ करने की बात को लेकर बस में सवार कुछ यात्रियों से कर्मचारियों की बहस हो गई थी। जिसके बाद टोल कर्मचारी आशु, रवि व अन्य लाठी लेकर बस में घुस गए, कर्मचारियों ने यात्रियों को साथ जमकर मारपीट कर दी। जिससे यात्री काफी डर गए। बस में बैठी महिलाएं इस दौरान यात्रियों को बचाने के लिए चीखने लगी। जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर जमकर बहुप्रसारित हुआ है। एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देश पर पुलिस एक्शन में आई और टीआइ खोवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टोल कर्मचारियों पर केस दर्ज किया है। टोल कर्मचारी आशु व रवि को गिरफ्तार कर लिया है। मारपीट करने वाले अन्य कर्मचारियों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं टोल संचालक से भी कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन व अन्य जानकारियां मांगी जा रही है। कर्मचारियों के खिलाफ पूर्व में केस दर्ज होंगे तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कोहरे और शीतलहर की चपेट में आया उज्जैन

## दिन का तापमान गिरकर 20.8 डिग्री पर आया – सुबह 10 बजे तक दृश्यता रही 50 मीटर से कम



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार से उज्जैन में घना कोहरा छा गया था और रविवार की सुबह भी कोहरे की चादर लपेटे हुए आई। सुबह 10 बजे तक कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर से कम नजर आ रही थी। कोहरे के साथ शीतलहर ने दिन के तापमान को और गिरा दिया तथा यह 19.5 डिग्री पर पहुंच गया। इसके कारण दिन और रात के तापमान में केवल सवा 6 डिग्री का अंतर रह गया।

दो दिन से शीतलहर और कोहरे के बीच उज्जैन में कड़ाके की सर्दी का एहसास लोगों को हो रहा है। कल दिनभर भी धूप नहीं निकली और कोहरा छाया रहा। वहीं आज रविवार सुबह कल से और अधिक घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के बीच सुबह 10 बजे तक बाजार में सन्नाटे जैसी स्थिति नजर आ रही थी। दृश्यता 50 मीटर से भी कम होने के कारण मुख्य मार्गों पर वाहन भी हैडलाईट के साथ धीमी रफ्तार में चलते नजर आ रहे थे। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि उत्तरपूर्वी राज्यों में हो ही बर्फबारी के चलते मालवांचल में शीतलहर के साथ साथ वातावरण में नमी का स्तर 90 प्रतिशत से ऊपर बना हुआ है। इस वजह से घना कोहरा छा रहा है। दिन का अधिकतम तापमान भी गिरकर 19.5 डिग्री पर आ गया था। वहीं सुबह न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री रिकार्ड हुआ। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में अब केवल 6.2 डिग्री का अंतर रह गया है। इस वजह से कड़ाके की सर्दी का एहसास हो रहा है। आने वाले 3-4 दिन मौसम के मीजाज ऐसे ही बने रहने का अनुमान है और अधिकतम तापमान और नीचे जा सकता है।

# उज्जैन नगर में सात बस्तियों में हुए विराट हिंदू सम्मेलन




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिन्दू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से उज्जैन महानगर की 7 विभिन्न बस्तियों में 4 जनवरी 2026, रविवार को हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुए।

इन सम्मेलनों में सांस्कृतिक, धार्मिक कार्यक्रमों के साथ बौद्धिक सत्र एवं सहभोज का आयोजन किया गया।

सम्राट विक्रमादित्य बस्ती फ्रीगंज का हिन्दू सम्मेलन दुर्गा माता मंदिर, दशहरा मैदान पर आयोजित हुआ , कार्यक्रम में संत उमेशनाथ जी महाराज, धीरसिंह जी , पिंकी आर्य जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ , संत उमेशनाथ जी ने बताया की हिन्दू क्या है? हिन्दू को किसी सभ्यता, मत-पंथ, मंदिर-मठ, किसी खान-पान, वेश-भूषा, रहन-सहन, रीति-रिवाज, किसी देवी-देवता तक सीमित नहीं किया जा सकता। पूर्वजों के तप, अध्ययन, अनुभव, चिंतन से बनी संस्कृति के अनुरूप आचरण ही हिन्दुत्व है। यह जीवन दृष्टि है।

मोहन नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन प्रातः 10=30 बजे, गोपाल परिसर के सामने, मोहन नगर में आयोजित हुआ , कार्यक्रम में राधेराधे बाबा , मुकेश जी दिसावल , सीमा वशिष्ठ जी मौजूद रहे । सीमा वशिष्ठ जी ने संघ के पंच परिवर्तन - स्वदेशी , नागरिक अनुशासन, सामाजिक समरसता , कुटुंब प्रबोधन , पर्यावरण के विषय रखा ।

# जहरीले पानी से हुई मौतों से आक्रोश, कांग्रेस ने मुख्यमंत्री निवास का किया घेराव



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में दूषित जल से हुई मौतों पर जिला कांग्रेस और शहर कांग्रेस ने उज्जैन में मुख्यमंत्री निवास पर जोरदार प्रदर्शन किया। घंटा बजाकर कांग्रेस ने भाजपाई नेतृत्व को कुंभकर्णी नींद से जगाने का प्रयास किया।

विरोध प्रदर्शन में तय समय पर महेश परमार, मुकेश भाटी, दिनेश जैन बॉस सहित ग्रामीण और शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता इकठ्ठे होने लगे। आक्रोशित कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और इंदौरी मंत्री के इस्तीफे की मांग की। महेश परमार, मुकेश भाटी, दिनेश जैन बॉस और नेता प्रति पक्ष रवि राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि धिक्कार है ऐसी सरकार पर जो स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं करा सकती, इंदौर में हुई एक दर्जन से ज्यादा मोतो ने पूरे देश को झकझोर दिया है। ये देश के माथे पर कलंक है, जो कभी मिटाया नहीं जा सकता। इसके लिए पूरा प्रशासन और वहां के जिम्मेदार प्रतिनिधि है, आज पूरी मानवता शर्मसार है, इन्हे नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही उज्जैन के प्रशासन को भी चेताया, कि ऐसी घटना की पुनरावृति बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन मे ना हों।

दो पहिया वाहनों से सैकड़ों की संख्या में हाथों में तख्ती लेकर, शहर कांग्रेस से चले कांग्रेस नेताओ ने रास्ते भर जमकर नारेबाजी की। देवास रोड पर पैदल मार्च किया। जब महेश परमार पहुंचे इंदौर प्रदेश कांग्रेस की बनाई जांच समिती के सदस्य विधायक महेश परमार जब इंदौर पीड़ितों के घर पर आम जन से मुलाकात की तो उनकी पीड़ा सुनकर व्यतिथ हो गए और उन्हें सांत्वना दी और कहा कि हम सब आपके साथ खडे है।

जानकारी देते हुए संगठन महा सचिव अजय राठौर ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह, अजीत सिंह ठाकुर, गफ्फार पटेल,मोहनसिंह,, मधु सूदन, रईस कुरैशी,,, लोकेश चौहान, अनोखी लाला, भरत शर्मा, कैलाश बगाना, गुड्डू कुरेशी, पदम सिंह पटेल, शंकर पटेल, समीर बैग, राधेश्याम चंद्र वंशी, लोकेंद्र सिंह वीर सिंह राणा, अशोक जाट, सुनिल कछ्वाय,अभिषेक शर्मा, चंद्र भान सिंह चंदेल, बबलू खींची, रहीम लाला संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, वीरेंद्र गोसर, वीर सिंह राणा, पार्षद छोटेलाल मंडलोई, ईमरान खान, अर्पित दुबे, मोहित जयसवाल, जाहिद पहलवान, सपना सांखला, अनवर नागोरी, चेन सिंह चौधरी,कुलदीप जाट, सुरेंद्र मरमट, सतीश मरमट ,देव व्रत यादव, प्रतीक जैन, दिपेश जैन, राहुल गेहलोत गजेंद्र मारोठिया, हेमंत जोहरी, ऋृषु राज सिंह,अभिषेक देवड़ा,श्याम जटिया, पवन यादव,दानैस राठी, वरूण शर्मा, ललित मीणा,, राजा ठाकुर,, सावन तिलकर, राहुल लोट, कृष्णा यादव, सलीम भाई गैस वाले,चंदू यादव, सुनिल जैन, सोनिया ठाकुर, स्वाती सिंह, रश्मि त्रिवेदी, मदीना अली, सबा कुरेशी, निलेश खुले, कमल कोशल, नरेन्द्र राव,तेज करण मालवीय, महेश सोलंकी, अजय छाबड़ा,, अर्पण राठौर,संदीप सूर्यवंशी,, भुरू गौड़, इशू यादव, सत्य नारायण राठौर, राहुल भाटी लकीठाकुर, देवेंद्र पाटनी, अर्जुन यादव, सोनू परमार,, आदित्य नामदेव, रफीक भाई टेंपो वाले आदि।

# महिलाओं के सामने नग्न होने पर दो पक्षों में मारपीट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम के पीछे शराब के नशे में धुत्त युवक महिलाओं के सामने नग्न हो गया। कुछ युवकों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो विवाद की स्थिति बन गई। दोनों ओर से मारपीट हुई। पुलिस ने नग्न होने वाले युवक को पकड़ा है। वहीं मामले में क्रॉस प्रकरण दर्ज किया गया है।

बताया जा रहा है कि नगर निगम मुख्यालय के पीछे कल दोपहर कुछ महिलाएं बैठी हुई थी। उसी दौरान एक युवक शराब के नशे में पहुंचा। उसने महिलाओं के सामने अपने कपड़े उतार दिए और नग्न हो गया। युवक को महिलाओं के सामने अश्लीलता करता देख फाजलपुरा के रहने वाले अब्दुल, मन्नान और उसके साथी आशीष आसिफ, जीतू ठाकुर ने देखा और युवक को समझाने का प्रयास किया तो शराबी युवक उग्र हो गया।

उसने पत्थरों से समझाने आए युवकों पर हमला कर दिया। युवकों ने भी उसकी घेराबंदी की और जमकर पीट दिया। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले आई। मारपीट में वह घायल हुआ था। वहीं उसने भी तीन युवकों पर पत्थरों से हमला किया था। पुलिस ने मामले में नग्न होने वाले युवक के खिलाफ अब्दुल, मन्नान निवासी फाजलपुरा की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। वहीं नग्न होने वाला उक्त युवक भरत उर्फ बंटी पिता कैलाशचंद्र खरे निवासी पटेल नगर की शिकायत पर अब्दुल, मन्नान और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि नग्न होने वाला युवक भरत शराब पीने का आदी है और पूर्व में भीम आर्मी पार्टी से भी जुड़ा हुआ था। लेकिन उसकी हरकतों की वजह से पार्टी ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

# अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद की बैठक हुई सम्पन्न, परिषद को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उर्दूपुरा स्थित समाज की धर्मशाला में अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक परिषद के राष्टीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला के नेतृत्व में सम्पन्न हुई, जिसमें समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व देश की प्रथम महिला शिक्षिका क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की 175वीं जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाजजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर सावित्रीबाई फुले अमर रहें के जयकारे लगाए।

मनीष चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में परिषद को संगठित एवं मजबूत करने, समाज के बीच आगामी कार्यक्रमों के आयोजन तथा भविष्य की राजनीति एवं परिषद की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से श्रीमती सपना सांखला को परिषद के महिला प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष तथा पूर्व सैनिक जितेंद्र पुष्पद को प्रदेश प्रधान महासचिव मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोती भाटी ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने अपने संबोधन में कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक योगदान दिया है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे संवेदना और संघर्ष की मूर्ति थीं, जिनका जीवन समाज सुधार के लिए समर्पित रहा। आज आवश्यकता है कि परिषद एकजुट होकर कार्य करे, जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो सके। मुख्य वक्ता के रूप में संस्कृत विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य गौरव धाकड़ ने सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस दौर में महिलाओं की शिक्षा दर एक प्रतिशत से भी कम थी, उस समय शिक्षा के लिए उनका संघर्ष प्रेरणादायक और अविस्मरणीय है। आज महिला सशक्तिकरण को लेकर देश के प्रधानमंत्री के विजन में भी उसी जागृति की झलक दिखाई देती है।